

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 280 | ग्वालियर, सोमवार 31 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### गो फर्स्ट की सभी उड़ानें 31 जुलाई तक रद्द




**नई दिल्ली।** अगर आप हवाई सफर से कहीं जाने का प्लान कर रहे हैं तो सावधान हो जाएं. आपके फ्लाइट पर बैठकर घूमने के प्लान पर पानी फिर सकता है. गो फर्स्ट कंपनी ने अपने यात्रियों से माफी मांगने हुए अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं. गो फर्स्ट की फ्लाइटें 31 जुलाई तक कैंसिल रहेंगी. ऐसा में भूलकर भी आप गो फर्स्ट फ्लाइटों से कहीं घूमने फिरने का प्लान न बनाएं. परिचालन कारणों की वजह से गो फर्स्ट ने एक बार फिर से मंगलवार तक के लिए अपने सारे विमानों की उड़ान कैंसिल कर दी है. इसे लेकर गो फर्स्ट कंपनी ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर जानकारी दी है. उन्होंने कहा है कि गो फर्स्ट परिचालन कारणों की वजह से 31 जुलाई तक विमानों की उड़ानों को रद्द करता है. साथ ही कंपनी ने ऐसा बार बार करने के लिए अपने यात्रियों से माफी भी मांगी है.

### कांग्रेस ने धारा 370 को बच्चे की तरह पाला और रामलला को टेंट में रखाः शाह



**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर में मालवा इलाके के बूथ सम्मेलन के जरिए कार्यकर्ताओं को चुनावी जीत का मंत्र देने आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि कश्मीर में धारा 370 को कांग्रेस ने बच्चे की तरह पाला और अयोध्या में रामलला को टेंट में रखा। इंदौर प्रवास पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जानापाव में भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और परशुराम मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वे कनकेश्वरी गरबा मैदान पहुंचे, जहां उन्होंने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अमित शाह ने इस मौके पर अहिल्याबाई को याद करते हुए कहा कि उन्होंने गुलामी के अवशेषों को मिटाने की पहल की थी जिसे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढा रहे हैं। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने धारा 370 को बच्चे की तरह पाल रखा था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को खत्म कर कश्मीर को भारत के साथ जोड़ दिया। कांग्रेस और यूपीए के सभी दलों ने धारा 370 को हटाए जाने का विरोध किया था। अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे। कांग्रेस मंदिर के काम को अटका रही थी। कोर्ट के फैसले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने राम मंदिर का भूमि पूजन किया। अहिल्याबाई होल्कर के बाद धार्मिक स्थल के कायाकल्प करने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। शाह ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ को करप्शन नाथ और दिग्विजय सिंह को बंटाधार कहकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि कमल नाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने डेढ़ माह के अंदर बंटाधार के शासन की याद दिला दी थी। कमल नाथ ने किसान सम्मान निधि योजना में किसानों के नाम तक केंद्र सरकार को नहीं भेजे थे, इतना ही नहीं गरीब कल्याण की 51 योजनाओं को भी कांग्रेस की सरकार ने बंद कर दिया था। भाजपा की फिर सरकार बनी तो योजनाओं को शुरु किया गया।


### नियमों का उल्लंघन करने पर दिल्ली के प्रशांत विहार में लिक्विड बार पर लगा ताला




**नई दिल्ली।** नियमों का उल्लंघन करने और लोगों की लगातार आ रही शिकायतों पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए दिल्ली के प्रशांत विहार में लिक्विड बार को बंद कर दिया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे लोगों पर भी कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली कि लिक्विड बार एक डांस बार बन गया है, जहां डांस शो पेश करने के लिए लड़कियों को काम पर रखा जाता है। इसके बाद पुलिस ने बार का निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने पाया कि बिना किसी अनुमति के संगीत बजाया जा रहा था। हालांकि उन्हें डांस करने वाली कोई लड़की नहीं मिली। एक सूत्र ने कहा, हमने लिक्विड बार को बंद कर दिया है। बार मालिक को डीपी अधिनियम के तहत चालान जारी किया गया है। दो चालान के बाद, बार को सील किया जा सकता है, या लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। इसके अलावा पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर उत्पात मचाने के आरोप में छह लोगों पर मुकदमा चलाया। उनका डीपी एक्ट के तहत चालान किया गया।

# महात्मा गांधी पर विवादित बयान पर भड़के फणडवीस

**नई दिल्ली।** संभाजी भिड़े देवेंद्र फडणवीस बीते दिन खबर आई थी कि दक्षिणपंथी कार्यकर्ता संभाजी भिड़े ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर आपत्तिजनक टिप्पणी दी थी, जिसके बाद पूरे देश में महौल गरमा गया था. इसे लेकर महाराष्ट्र के अमरावती जिला पुलिस ने संभाजी भिड़े के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया था. अब इस घटना के ठीक एक दिन बाद यानि आज महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस मामले में बयान दिया है. उन्होंने दक्षिणपंथी कार्यकर्ता संभाजी भिड़े द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को अनुचित और बर्दाश्त के बाहर बताया है. महात्मा गांधी के खिलाफ संभाजी भिड़े के बयान की निंदा करते हुए देवेंद्र फड़णवीस बोले- मैं संभाजी भिड़े के बयान की निंदा करता हूं. महात्मा गांधी राष्ट्रपिता हैं. उन्हें भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास के अग्रणी नेता के रूप में देखा जाता है. उन्होंने कहा कि संभाजी भिड़े द्वारा की गई टिप्पणी बिल्कुल





अनुचित है, साथ ही आश्वासन दिया कि राज्य सरकार संभाजी भिड़े के खिलाफ उचित कार्रवाई करेगी. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महात्मा गांधी पर इस तरह की बयानबाजी करना बिल्कुल गलत है, महात्मा गांधी का अपमान किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

वहीं इस मामले में राज्य की कांग्रेस पार्टी ने दक्षिणपंथी कार्यकर्ता संभाजी भिड़े के इस बयान के खिलाफ उनकी गिरफ्तारी की मांग की है. महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि पार्टी संभाजी भिड़े के खिलाफ राज्य भर में विरोध प्रदर्शन आयोजित करेगी. साथ ही उन्होंने बताया भारतीय जनता पार्टी पर संभाजी भिड़े को संरक्षण देने का आरोप लगाया है. गौरतलब है कि श्री शिव प्रतिष्ठान हिंदुस्तान संगठन के संस्थापक संभाजी भिड़े पर बीते गुरुवार 27 जुलाई को अमरावती जिले के बडनेरा रोड इलाके में भारत मंगल हॉल में एक कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण में राष्ट्रपिता के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है, जिसे लेकर देशभर में आक्रोश जताया जा रहा है.

## सीमा हैदर के बाद अब समंदर पार कर ये लड़की पहुंची भारत

**नई दिल्ली।** इन दिनों भारत में सीमा पार से प्यार, इश्क और प्रेम की चर्चा जोरों पर है. कोई प्रेमी जोड़ा पाकिस्तान से भारत आकर शादी रचा लेता है. तो कोई भारत से पाकिस्तान पहुंचकर निकाह कर डालता है. हाल ही में



सीमा हैदर पाकिस्तान से भागकर भारत में सचिन नाम के युवक से शादी कर डाली. वहीं. राजस्थान के अलवर से अंजू पाकिस्तान पहुंचकर वहां के युवक के साथ निकाह कर ली. यानी दोनों महिलाओं ने प्यार के लिए अपना देश छोड़ पड़ोसी मुल्क को अपना लिया. इन दोनों की लव स्टोरी सुर्खियों में चल ही रही थी कि 6 साल पुराने फेसबुक दोस्त से शादी करने के लिए समंदर पार से महिला भारत पहुंच गई. मामला दक्षिण भारत का है. जहां श्रीलंका की एक महिला की दोस्ती दक्षिण भारत के एक युवक के साथ हुई और छह साल तक दोनों एक दूसरे को जानते और समझते रहे और अब अचानक महिला श्रीलंका से भारत आकर शादी रचाने के लिए दबाव बना रही है.

दरअसल, श्रीलंका की विग्नेश्वरी की दोस्ती फेसबुक पर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के रहने वाले लक्ष्मण के साथ हुई. दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई. काफी समय तक बात करने के बाद दोनों ने साथ रहने का फैसला किया. आम लोगों को यह बात तब पता चली, जब विग्नेश्वरी आंध्र प्रदेश पहुंची. विग्नेश्वरी टूरिस्ट वीजा पर भारत आई है. विग्नेश्वरी 8 जुलाई को कोलंबो से फ्लाइट के जरिए चेन्नई पहुंची. यहां पर उसका प्रेमी लक्ष्मण रिसिव करने पहुंचा था. चेन्नई में ही दोनों ने एक मंदिर में 20 जुलाई को शादी कर ली. इस शादी के लिए लक्ष्मण के घर वालों की भी तैयार थे. विग्नेश्वरी और लक्ष्मण ने शादी करने के बाद इसकी सूचना पुलिस को भी दी. शादी होने के बाद इसकी चर्चा लोगों में जोरों पर चल रही थी. इसको लेकर लक्ष्मण ने पुलिस प्रशासन को जानकारी दी. विग्नेश्वरी टूरिस्ट वीजा पर भारत आई है. वीजा की अवधि 15 अगस्त को खत्म हो रही है. ऐसे में विग्नेश्वरी और लक्ष्मण ने पुलिस को पत्र लिखकर वीजा एक्स्टेंशन की मांग की. हालांकि, चित्तूर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने विग्नेश्वरी को बुलाकर तय तारीख से पहले देश छोड़ने के निर्देश दिए हैं.

### केरल पुलिस में बड़ा फेरबदलः टी.के. विनोद नए सतर्कता प्रमुख

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पुलिस विभाग में एक बड़े फेरबदल में राज्य खुफिया प्रमुख टी.के. विनोद कुमार को स्थानांतरित कर सतर्कता विभाग का निदेशक बनाया गया है। कुमार को डीजीपी रैंक पर पदोन्नत कर नया प्रभार दिया गया है। एडीजीपी मनोज अब्राहम को नए खुफिया बनाया गया है। के. पद्मकुमार, जो डीजीपी रैंक के अधिकारी हैं, अग्निशमन और बचाव विभाग के नए प्रमुख होंगे। एडीजीपी बलराम कुमार उपाध्याय, जो वर्तमान में राज्य पुलिस मुख्यालय के प्रभारी हैं, अब राज्य की जेलों के प्रभारी होंगे।

### उद्योग नगर में जूता फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दमकल की कई गाड़ियां मौके पर



**नई दिल्ली।** के उद्योग नगर की एक जूता फैक्ट्री में आग लगने की खबर है. बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है. जिससे आसपास के इलाके में अफरातफरी का माहौल है. आग बुझाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं. जो आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं. दमकल के एक अधिकारी ने बताया कि उद्योग नगर स्थित एक जूता फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर दमकल की कई गाड़ियों को भेजा गया है. जो आग पर काबू पाने की प्रयास कर रही हैं.

### नड्डा ने दिल्ली में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात



**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात सुनी। नड्डा ने दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा, सांसद हर्ष वर्धन और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केशवपुरम में मन की बात का 103वां एपिसोड सुना। मन की बात कार्यक्रम के बाद नड्डा ने कहा, आज प्रधानमंत्री से हमें वृक्षारोपण और जल संरक्षण का महत्व समझया। मोदी सरकार ने हमेशा महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया है। हम परिणाम देख सकते हैं कि चार हजार से अधिक मुस्लिम महिलाओं ने बिना किसी पुरुष साथी या मेहरम के हज किया। उन्होंने कहा कि यह देश में एक बड़ा बदलाव है क्योंकि पहले मुस्लिम महिलाओं को बिना मेहरम के हज पर जाने की इजाजत नहीं थी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा, हम 15 अगस्त को हर घर पर तिरंगा फहराने के प्रधानमंत्री के संदेश को लागू करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में देशवासियों से हर घर तिरंगा अभियान के तहत पिछले साल की तरह इस साल भी अपने घर पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। भाजपा उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने भी तिलक नगर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना।

## दुश्मन के होश उड़ाएगा ये विमान, कश्मीर में किया गया तैनात

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने अपने स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस को जम्मू-कश्मीर में तैनात किया है. जिससे पाकिस्तान से साथ लगी सीमा पर केंद्र शासित राज्य की घाटियों में उड़ान का अनुभव लिया जा सके. आईएएफ ने ये फैसला घाटियों में उड़ान और अन्य अभियानों में अनुभव प्राप्त करने की दृष्टि से लिया है. जिससे जरूरत पड़ने पर वायुसेना अपने स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान का घाटी में इस्तेमाल कर सके. रक्षा अधिकारियों का कहना है कि इस बेड़े में शामिल पायलट घाटी में उड़ान भरकर अनुभव ले रहे हैं गौरतलब है कि केंद्र शासित प्रदेश में भारतीय वायु सेना के कई अड्डे हैं, जो चीन और पाकिस्तान समेत दोनों मोर्चों पर संचालन के लिए काफी अहम माने जाते हैं. बता दें कि ये कोई पहली बार नहीं है जब वायुसेना ने अपने विमानों को घाटी में भेजा हो. इससे पहले भी भारतीय वायुसेना जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत उत्तरी क्षेत्र के दोनों केंद्र शासित राज्यों में अपने विमानों को भेज चुकी है. वायुसेना इन विमानों को भेजकर अलग-अलग इलाकों में अपने पायलटों को उड़ान भरने का प्रशिक्षण और अनुभव देना चाहती है. जिससे युद्ध की स्थिति में इन इलाकों में दुश्मन को जवाब दिया जा सके. बता दें कि वायुसेना विमान में ज्यादा से ज्यादा क्षमताएं जोड़कर अभियान को बढ़ाने में लगी है. जिसमें स्वदेशी



एलसीए तेजस लड़ाकू विमान भी शामिल हैं. वायुसेना की नजह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित किए जा रहे एलसीए मार्क-2 और एएमसीए पर भी है. बता दें कि इस भारतीय विमान को पहले से ही दोनों दुश्मनों (पाकिस्तानी और चीनी संयुक्त उद्यम छुस्न-17 फाइटर) के लड़ाकू विमानों की तुलना में कहीं ज्यादा ताकतवर माना जाता है. बता दें कि तेजस लड़ाकू विमान सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है. जो 6,500 किलोग्राम का है. इस विमान के 50 फीसदी पार्ट्स का निर्माण भारत में ही किया गया है. इसमें इजरायल का 2052 रडार लगाया गया है. यह एक साथ 10 टारगेट को ट्रैक कर सकता है इसके साथ ही इनपर हमला भी कर सकता है. इसके अलावा आकार में छोटा होने की वजह से ये विमान बेहद छोटे रनवे से उड़ान भर सकता है. इसमें 6 प्रकार की मिसाइलें, लेजर गाइडेड बम और कलस्टर हथियार इसमें लगाए जा सकते हैं. इस विमान में सेल्फ प्रोटेक्शन जैमर लगाया गया है. जो हमले की दशा में जेट को बचाने में मदद करता है. ये लड़ाकू विमान एक बार में 3000 किलोमीटर तक की उड़ान भर सकता है. इसका एडवांस्ड वर्जन तेजस मार्क-2 है जो कि 56 हजार से ज्यादा फीट की ऊंचाई तक उड़ान करने की क्षमता रखता है. जिसे रूसी फाइटर मिग-21 से भी अच्छा विकल्प माना गया है.

### पुडुचेरी की उपराज्यपाल एनएलसीआईएल द्वारा कृषि भूमि को नष्ट करने की भर्त्सना की



**चेन्नई।** पुडुचेरी की उपराज्यपाल तमिलिसाई साउंडराजन ने कहा कि नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) को फसलों को नष्ट करके तमिलनाडु में कृषि भूमि का अधिग्रहण नहीं करना चाहिए था। कुड्डालोर में चिदंबरम मंदिर में दर्शन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि फसलें जीवन के समान हैं और वह कृषि भूमि का अधिग्रहण करने के एनएलसीआईएल के हालिया तरीके से सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि एनएलसीआईएल को किसानों द्वारा फसल काटे जाने तक इंतजार करना चाहिए था। उन्होंने एनएलआईसीएल प्रबंधन से सवाल किया कि कंपनी ने अधिग्रहीत भूमि पर कब्जा करने में 10 साल क्यों लगाए। वह किसानों की फसलों को नष्ट करने की बजाय उन्हें उगाने से रोक सकती थी। तमिलनाडु के कृषि मंत्री एम.आर.के. पन्नीरसेल्वम ने पहले कहा था कि राज्य सरकार ने पहले ही किसानों को एनएलसीआईएल द्वारा अधिग्रहित कृषि भूमि पर खेती नहीं करने के लिए कहा था।

## अगवा.. मारपीट.. हैवानियत! बोरे में दफन मिली 5 साल की मासूम

**नई दिल्ली।** हैवानियत की सारी हदें पार! ये दर्दनाक खबर केरल के कोच्चि की है, जहां महज एक 5 साल की मासूम को पहले अगवा किया जाता है, फिर उसके साथ मारपीट होती है, बाद में उसे हैवानियत का शिकार बनाया जाता है, जब फिर भी उस दरिंदे का मन नहीं भरता तो उस मासूम को मौत के घाट उतार दिया जाता है. रोंगटे खड़े कर देने वाली इस वारदात को सुन हर कोई हैरत में है. एक पांच साल की मासूम जिसे शायद रेप का मतलब भी नहीं पता होगा, उसके ही साथ इस कदर वहशीपन की हरकत ने पूरे देश को दहला कर रख दिया है। दरअसल तारीख 28 जुलाई, शुक्रवार के दिन एक 5 साल की बच्ची के मां-बाप पुलिस के पास बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाने पहुंचते हैं. पुलिस फौरन मामले की गंभीर को भापते हुए, रिपोर्ट दर्ज कर मामले में तफ्तीश शुरू कर देते हैं. मालूम चलता है कि बच्ची शाम करीब 7 बजे के आसपास गैराज जंक्शन स्थित उसके घर पर आखिरी बार देखी



गई थी, जिसके बाद से वो कहां है, किस हालत में कोई नहीं जानता. लिहाजा पुलिस ने फौरन इलाके के सीसीटीवी फुजेट निकाले और उनकी बारीकी से जांच शुरू की. कुछ देर की मशक्कत के बाद पुलिस को बच्ची के लापता होने से ठीक पहले का एक वीडियो मिल गया. इस वीडियो में बच्ची एक शख्स के साथ नजर आ रही थी. अब इस मामले में पुलिस को तफ्तीश के लिए एक चेहरा मिल गया था. फौरन उस शख्स की तलाश शुरू की गई. महज कुछ ही घंटों के बाद उस शख्स का भी पता लग गया. पुलिस फौरन उसे तलाश कर उसके अड्डे पर जा पहुंचती है, और बच्ची के लापता होने के करीब 2 घंटे बाद लगभग 9.30 बजे उस शख्स को गिरफ्तार कर लेती है. हालांकि, अभी वो नशे की हालत में था, लिहाज पुलिस ने उससे इस मामले से जुड़ा कोई सवाल-जवाब नहीं किया. अगली सुबह जब उस शख्स का नशा उतरा तो पुलिस ने अपनी पड़ताल शुरू की. उस शख्स ने बताया कि वो दरअसल एक प्रवासी श्रमिक है, जो काम की तलाश में केरल आया था. मगर जब पुलिस उससे बच्ची के लापता होने से जुड़े मामले के बारे में पूछती है, तो वो एक के बाद एक अपना बयान बदलकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करने लगता है. हालांकि जब पुलिस अपनी पुलिसिया अंदाज में उससे सवाल-जवाब करती है, तो उसकी हिम्मत टूट जाती है और वो सबकुछ कबूल लेता है. अब पुलिस के पास सीसीटीवी फुटेज था, आरोपी था मगर लाश अब भी गायब थी, लिहाजा हासिल जानकारी के मुताबिक पुलिस शहर के दलदली इलाके में पहुंचती हैं, जहां तलाशी के दौरान उन्हें एक बोरी मिली. संदेह के आधार पर जब इस बोरी को खोला, तो जिसका डर था वही हुआ. उस बोरी में उस 5 साल की मासूम बच्ची की लाश बुरी तरह ठूंसी मिली. पुलिस ने फौरन लाश को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जहां मालूम चला कि बच्ची की मौत गला घोंटकर हुई थी, मगर इससे पहले उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और उसके बाद यौन शोषण किया गया था.

# बामोर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, थाना बामोर पुलिस द्वारा लूट एवं हत्या के मामले का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया माल मशरूका जप्त किया

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**
**शिवपुरी बामोरकला**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 16/07/23 को फरियादी ने थाना बामोर कला पुलिस को रिपोर्ट की दिनांक 15 /07/23 को शाम 5ः30 बजे उसका भाई शिशुपाल यादव घर से डीजल लेने के लिए राजघाट की बोलकर मोटरसाइकिल से गए थे शाम 8:00 बजे तक घर नहीं आए तब हमने सभी जगह फोन कर पूछा तो कहीं नहीं मिले एवं उसका फोन बंद आ रहा था तब मैंने मामा के लड़के गोलू यादव को बोला कि तुम बामोर कला के आसपास तलाश करो कुछ समय बाद उसका फोन आया कि भैया लहूलुहान हालत में बेहोश पड़े हैं तब मैंने वहां जाकर देखा तो शिशुपाल यादव बेहोश पड़ा था एवं उसके सिर चेहरे एवं हाथ पर चोट के निशान थे एवं खून बह रहा था भाई शिशुपाल को किसी व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नियत से किसी घातक हथियार से गंभीर चोट पहुंचाई गई है तब हम शिशुपाल को लेकर खनियाधाना अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज कर रेफर कर दिया गया खनियाधाना से इलाज के लिए हम शिशुपाल को झांसी में आशीर्वाद हॉस्पिटल में लेकर गए है जहां उसका इलाज चल रहा है फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना बामोर कला में अपराध क्रमांक 101/23 धारा 307 .394.11/13 एमपीडीपीके एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया दिनांक 17/07/23 को शिशुपाल की इलाज के



दौरान मृत्यु हो जाने से धारा 302 का इजाफा किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिंह द्वारा मामले के जल्द से जल्द खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु कई जगहों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया एवं साइबर सेल की भी मदद भी ली गई दिनांक 29/07/23 को थाना प्रभारी बामोर कला उपनिरीक्षक पुनीत बाजपाई को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना कार्य करने वाले दो संदेही ग्राम खोपरा व ग्राम खोपरा चक थाना बहादुरपुर जिला अशोकनगर में उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया अवगत कराने पर से वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन में पुलिस टीम मुखबिर द्वारा बताए गांव में पहुंची एवं संदेही आरोपियों के परो एवं आसपास तलाश किया तब संदेही जहां नहीं मिले कुछ समय बाद मुखबिर ने पुन; बताया कि उक्त आरोपी ग्राम खोपरा व खोपरा चक के बीच माता के मंदिर के सामने चबूतरे पर लेटे हैं और एक मोटरसाइकिल चबूतरे के पास खड़ी है तभी उक्त टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की घेराबंदी कर उक्त दोनों आरोपियों को पकड़ा उक्त व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम रूपा उर्फ रूप सिंह पुत्र पूरन आदिवासी उम्र 25 साल निवासी खोपरा चक एवं दूसरे ने अपना नाम पहलवान उर्फ गु लम पुत्र लल्ली राम केवट उम्र 22 साल निवासी खोपरा थाना बहादुरपुर जिला अशोकनगर का होना बताया दोनों आरोपियों से हिकमत अमली से अलग-अलग पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने उक्त घटना को घटित करना स्वीकार किया एवं घटना में लूटी गई प्लैटिना मोटरसाइकिल विवो कंपनी का मोबाइल एवं पैसे भी लूटना स्वीकार किया आरोपियों की निशानदेही पर उनके पास से लूटी गई प्लैटिना मोटरसाइकिल विवो कंपनी का मोबाइल जप्त किया गया उक्त दोनों आरोपी आदतन अपराधी है एवं पूर्व में भी लूट, चोरी, नकबजनी की कई घटनाएं कारित कर चुके है पूर्व में आरोपी पहलवान केवट जिला अशोकनगर में जिला बदर रह चुका है

**उक्त कार्रवाई में**–थाना प्रभारी बामोर कला उनि. पुनीत बाजपेई, सत्येंद्र सिंह जादौन, दिनेश पांडे, रघुवीर पाल, गजेंद्र सिंह सोलंकी, विजय कटारे, जय वीर सिंह, मोहित शर्मा, सुनील योगी, अर्जुन जाट, गोपाल, राजपाल, शंकर भंवर साइबर सेल से, देवेंद्र, विकास, थाना बहादुरपुर से ललित चौहान की सराहनीय भूमिका रही



# चाचौड़ा बीनागंज के मोहर्रम 2 दिन तक जुलूस और अखाड़े के साथ मोहर्रम हुए संपन्न

**योगेश शर्मा चाचौड़ा**
**पुष्पांजलि टुडे**

चाचौड़ा बीनागंज के मोहर्रम 2 दिन तक जलूस अखाड़े के साथ मोहर्रम हुए संपन्न प्रशासन एवं पुलिस को मोहर्रम आयोजनों की ओर से किया गया सम्मान उपस्थित आदरणीय एसडीएम साहब श्री विकास आनंद जी एवं आदरणीय एसडीओपी मैडम जी माननीय तहसीलदार साहब जी माननीय टीआई साहब जी चाचौड़ा माननीय नायक तहसीलदार साहब जी माननीय चौकी प्रभारी शर्मा जी माननीय भानु प्रताप सिंह राजपूत जी डॉ सैयद इनायत अली जी वार्ड 15 से पार्षद मैं राजेश खटीक माननीय लीलाधर सेन जी माननीय मोहान मीना जी दरोगा जी जिनके नेतृत्व में पूरा आयोजन सफल हुआ ऐसे हमारे बड़े भाई यीशु शाह जी बशीर भाई राइन जी श्री कमल सिंह जी राजकुमार जी पुलिस विभाग की ओर से समस्त स्टाफ गढ़ समस्त पटवारी एवं सभी विभाग के कर्मचारी गणों का स्वागत किया गया बिनागंज मोहर्रम आईजनों की ओर से बरसों से परंपरा के तहत खटीक समाज का मोहर्रम सैयद डॉक्टर इनायत अली जी का मोहर्रम ईदा सहा जी का मोहर्रम कमेटी के सभी लोगों की ओर से हम सब की ओर से प्रशासन एवं पुलिस का बहुत-बहुत बधाई देते हैं एवं आभार प्रकट करते हैं बीनागंज वार्ड 15 पार्षद में राजेश खटीक आप सभी अतिथियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं धन्यवा।



# दो दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग एवं वार्षिक योजना बैठक संपन्न

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग।** लंकेश्वरी बाल संस्कार समिति देवभोग द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवभोग में दो दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग एवं वार्षिक कार्ययोजना बैठक संपन्न हुआ । उद्घाटन सत्र में प्राचार्य नरेन्द्र साहू के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तदपश्चात समिति के व्यवस्थापक सुधीर भाई पटेल एवं लक्ष्मीनारायण अवस्थी ने आचार्यों को संबोधित किया। अभ्यास वर्ग में विषय प्रस्तोताओं ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया । इस कड़ी में शारीरिक अभ्यास, ओमकालेश्वर ठाकुर, प्रार्थना अभ्यास प्रधानाचार्य मनोज रघुवंशी, कम्प्यूटर शिक्षा सनातन कश्यप, हमारा उत्कृष्ट विद्यालय कैसे हो। प्राचार्य नरेन्द्र साहू, स्पोकन इंग्लिश व अंग्रेजी शिक्षण रूचिकर कैसे हो। विषय पर हेंमत यादव ने विस्तृत जानकारी प्रदान की। विविध प्रशिक्षणों से प्रशिक्षण प्राप्त कर आए आचार्यों द्वारा अनुभव कथन के अन्तर्गत दस दिवसीय अंग्रेजी संभाषण (स्पोकन इंग्लिश) प्रशिक्षण का अनुभव कथन अरविंद नागेश व राजकुमार यादव ने व इसी तारतम्य में दस दिवसीय आचार्य दक्षता वर्ग का अनुभव कथन दिलीप नायक व अभिराम बिसी ने प्रस्तुत किया। वार्षिक कार्य योजना के अंतर्गत विभिन्न विभागों के प्रमुखों के नामों की घोषणा की गई, यह जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रभारी राजकुमार यादव ने दिया। वर्ग का समापन राष्ट्रगीत वंदे-मातरम् गायन से हुआ ।

# आश्रम में बाबा के साथ भागीरथी ने सुने पीएम के मन की बात

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग**–बाबा उदयनाथ के कदलीमुडा आश्रम में आज भाजपा आदिवासी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथी माँझी ने बाबा और उनके अनुयायीयो के साथ पीएम की मन की बात सुनी।इस अवसर पर उनके साथ युवा नेता पेकू राम नायक, मंडल महामंत्री चरण बिसी,गौरी माँझी सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुये।प्रदेश भाजपा नेता भागीरथी माँझी इन दिनों क्षेत्र दौरे पर है और कार्यकर्ता से मुलाकात कर पार्टी के कार्यक्रमों की जानकारी ले रहे।क्षेत्र दौरे से लौट रहे माँझी कदलीमुडा पहुँचे जहाँ बाबा उदयनाथ से मुलाकात कर पीएम के मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लिये।

**आदिवासी नेता का छात्रावास निरीक्षण**–सप्ताहभर पहले जब भाजपा नेता माँझी तौरेंगा पहुँचे थे तो तो ग्रामीणो के शिकायत पर आदिवासी बालक छात्रावास पहुँचे वहाँ की अव्यवस्था देख अधिकारी से बात कर व्यवस्था सुधारने की बात की। तौरेंगा आदिवासी छात्रावास की हालत ऐसी है कि वहाँ छत टूटकर गिर रहे है ना बीजली ना पंखा खाना भी एक टाल में बन रहा है।आदिवासी बालक को केवल पानी वाला दाल और भात दिया जा रहा है।अव्यवस्था देख प्रशासन पर भ्रष्टाचार के सवाल खडे किये है।



# डॉक्टर और गुरू के सामने कभी झूठ मत बोलिए: संत शीतल राजाराम



**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

**बेंगलुरू।** सीरवी समाज एच.एस.आर ले आऊट वडेर के तत्वाधान में रविवार को आयोजित चातुर्मास विराजित संत शीतल राजाराम ने प्रवचन में कहा की डॉक्टर और गुरु के सामने झूठ मत बोलिए क्योकि यह झूठ बहोत महंगा पड़ सकता हैं। गुरु के सामने झूठ बोलने से पाप का प्रायश्चित नहीं होंगा, डॉक्टर के सामने झूठ बोलने से रोग का निदान नहीं होंगा। डॉक्टर और गुरु के सामने एकदम सरल और तरल बनकर पेश हो। आप कितने भी होशियार क्यों न हो तो भी डॉक्टर और गुरु के सामने अपनी होशियारी मत दिखाईये, क्योकि यहाँ होशियारी बिलकुल काम नहीं आती। इस कार्यक्रम में वडेर के अध्यक्ष फाऊलाल परिहारिया ने स्वागत किया। कोषाध्यक्ष भंवरलाल बर्फा, मांगीलाल सोलंकी, गेनाराम सेंणचा, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष महेंद्र राठौड़, सचिव मदनलाल राठौड़, मिडिया प्रभारी किशोर राठौड़ एवं बलेपेट बडेर के उपाध्यक्ष अनाराम परिहारिया एवं महिला मंडल नवयुवक मंडल के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# लिंगराजपुरम आईमाता मंदिर में शिक्षा संस्कार शिविर का आयोजन



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** सेवा संघ के लिंगराजपुरम आईमाता मंदिर प्रांगण में बच्चो एवं बालिकाओं के लिए संस्कार शिवर का आयोजन रविवार को रखा गया। जिसमें बड़ी संख्या में नन्हे मुन्ने बच्चे एवं महिलाओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम मां आईजी की प्रार्थना के साथ संस्कार शिवर का आयोजन शुरू किया गया, तत्पश्चात बच्ची ने भारत माता का राष्ट गीत गाया राष्ट गीत सुन कर सब राष्ट भगति में लीन हो गए अनेको बच्चो ने तरह तरह के प्रोजेक्ट घर से बना लाए जिसमें चित्र कला व बलून से चलने वाली कार एवं अनेक तरह के प्रोजेक्ट बनाए जिस पर सभी सदस्यों ने एक ध्वनि में तालिया के साथ बच्चो का मान बढ़ाया, मंच का संचालन चिमनाराम पंवार पूर्व प्रधानाचार्य ने किया आयोजन के मुख्य अतिथि हरिश मूलेवा ने कहा की आज के बच्चो को मोबाइल से कैसे दूर रखे जैसे बच्चो को ज्यादा से ज्यादा आउट डोर गेम खेलना व कोई घर पर बैठ कर चित्र कला बनाना जैसे और भी उन्होंने अनेक सुझाव दिए एवं उन्होंने कहा की बच्चो को पढ़ाई पर केसे ध्यान ( मन लगाना )उन्होंने कहा की जो बच्चा जो पढ़ना चाहता है उसे वही पढ़ाए उसके लिए भी अनेक सुझाव दिए। इस आयोजन पर सह सचिव जुगराज चोयल पूर्व अध्यक्ष चोलाराम चोयल पूर्व सचिव अमरचंद सानपुरा पूर्व सह सचिव हनुमान राम राठौड़, बाबूलाल मुलेवा, वालाराम गेहलोत, मांगीलाल परिहार,नारायणलाल सेपटा, सुकलाल चोयल एवं अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद थे। यह जानकारी सह सचिव जुगराज चोयल ने दी।

# कांग्रेस सेवादल ने ग्राम पंचायत चरथर में किया ध्वज वंदन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष संदीप मिश्रा के नेतृत्व में भिण्ड विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चरथर में माह के आखरी रविवार को ग्रामवासियों के बीच पहुंचकर ध्वज वंदन किया गया। राष्ट्गान के पश्चात देश की मूल भूत समस्याओं और देश की आजादी में रही सेवादल की भूमिका को बताया गया। इस अवसर संदीप मिश्रा ने कहा कांग्रेस सेवा दल, कांग्रेस का अग्रणी संगठन, जिसकी स्थापना 1923 में अंग्रेजों से लड़ने, भारत की सेवा करने और पार्टी की विचारधारा का प्रचार करने के लिए एक अनुशासित शक्ति के रूप में की गई थी। हम आज भी देश की एकता और अखंडता के



लिए मजबूती से खड़े हैं। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता डा.अनिल भारद्वाज ने कहा देश व प्रदेश में रोजगार व खुशहाली की बयार बहाने का वायदा कर सत्ता में आई भाजपा शासनकाल में आज हालात ये बने हुए कि जनता रोजगार व खुशहाली को तरस चुकी है। प्रदेश की बात करें तो बेरोजगारी के मामले में मध्यप्रदेश देश में अव्वल स्थान पर आ चुका है। भाजपा सरकार प्रदेश में बेरोजगारी और महगाई बढ़ाकर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने पर तुली हुई है। इस अवसर पर कामिल खान, सेवादल ब्लॉकअध्यक्ष जवीर खन्ना,ब्रजेश जैन,पिंटू शर्मा,विनोद पंडित चरथर,उमेश शर्मा,गुड्डू भदौरिया,राजू भदौरिया,छोटू उपाध्याय,श्याम सुन्दर मिश्रा,ब्रजकिशोर गौतम,रामचंद्र उपाध्याय,संजय कुमार,भारत प्रजापति, पूरन लाल दीक्षित आदि कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# इंदौर संभाग में बुथ अध्यक्षों के सम्मेलन मैं ग्राम टांडा बरूड से भाजपा कार्यकर्ता शामिल

**खरगोन जिले मुन्ना खान**
**पुष्पांजली टुडे**

टांडा बरूड़ निप्र रविवार को इंदौर संभाग के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम था जिसमें के भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए मां कनेश्वरी देवी गरबा मंडल ग्राउंड आईटी के पास बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया जिसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह विभिन्न जानकारी दी उक्त सम्मेलन में भाजपा मंडल बरूड़



अध्यक्ष दिलीप कुमावत, उपाध्यक्ष मनोज कोठारी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भगवान कुमरावत, भाजपा अ जा जा मंडल अध्यक्ष गिना अच्छाले, राजेश मंडलोई सरपंच श्रीखंडी, धर्मेंद्र कर्मा कोठा खुर्द, कार्यालय मंत्री मुकेश पटेल, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी सुनील दवानें, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बस के द्वारा इंदौर पहुंचे जानकारी भगवान कुमरावत के द्वारा दी गई

# मंडलेश्वर मे समरसता यात्रा का हुआ भव्य स्वागत



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

संत शिरोमणि श्री रविदास स्मारक निर्माण समरसता यात्रा 25 जुलाई से 12 अगस्त 2023 तक मध्य प्रदेश के विभिन्न ग्रामों एवं नगरों से गुजरेंगी दिनांक 30 जुलाई 2023 को विधान सभा महेश्वर के नगर मंडलेश्वर मे आज आज सुबह 10 बजे आगमन हुआ यात्रा का स्वागत भा ज पा जिला मंत्री आशा वासुरे एवं उनके समर्थकों द्वारा काफी गर्मजोशी और उत्साह के साथ किया गया। यात्रा के दौरान आशा वासुरे द्वारा संत शिरोमणि रवि दास जी महाराज की पादुका का पूजन किया गया। यात्रा मे सभी विकासखण्डों की नदियों से जल संग्रहण, यात्रा मे प्रतिदिन सद्गुरु के जीवन पर आधारित संवाद आयोजन किया जा रहा है।

**स्मारक शिलान्यास एवं यात्रा पूर्णता कार्यक्रम** –12 अगस्त 2023 बड़तुमा, जिला सागर मे माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान के द्वारा किया जाएगा। यात्रा के दौरान सुराज केरो राष्टीय कोषा अध्यक्ष भा ज पा अनु. जाति मोर्चा एवं पूर्व भा ज पा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनु. जाति मोर्चा मंडंलेश्वर मंडल के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पटीदार, सतीश मोयदे, विधान सभा प्रभारी नारायण पटीदार, सांसद प्रतिनिधि मंजुला मेवाडे, मंडल महामंत्री लीला वर्मा, यात्रा मे पूर्व विधायक राजकुमार मेव, और भूपेंद्र आर्य भी मौजूद रहे।

# हादसों के हाइवे ने निगली श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश पदाधिकारी की जिंदगी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** हादसों का हाइवे बन चुके नेशनल हाइवे 92 ने विगत शुक्रवार को श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश पदाधिकारी की जिंदगी छीन ली, जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 4 बजे छीमका निवासी वृंदावन उपाध्याय गोहद चौराहा से मोटरसाइकिल से अपने गाँव जा रहे थे तभी ग्वालियर रोड स्थित अपेक्स कॉलेज के सामने हाइवे पर गायों का झुंड बैठा हुआ था जैसे ही मोटरसाइकल नजदीक पहुँची तो गाएं इधर उधर भागने लगीं जिससे श्री उपाध्याय की गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया वहीं पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने तड़कर मार दी जिससे वे



गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, घायल वृंदावन उपाध्याय को इलाज के लिए गोहद अस्पताल लाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें ग्वालियर रैफर कर दिया गया, ग्वालियर के जेएएच अस्पताल में डाक्टर्स ने चेकअप के बाद उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गोहद चौराहा पुलिस ने शनिवार को मृतक के शव का पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। साथ ही मामला , संज्ञान में लिया है। शनिवार शाम करीब चार बजे छीमका गांव में उपाध्याय का अंतिम संस्कार हुआ। मुखाग्नि उनके बेटे रामनिवास उपाध्याय ने दी वहीं उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजसेवी और ग्रामीणजन मौजूद रहे।संघ के प्रदेश सचिव वृंदावन उपाध्याय के सड़क दुर्घटना में हुए आकस्मिक निधन पर संगठन के सभी राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है, संघ के संस्थापक इंजी. विजय शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश दुबे व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा ने ने कहा कि श्री उपाध्याय बेहद सरल स्वभाव वाले व्यक्ति थे गरीबों की मदद के लिए हमेशा खड़े रहते थे उनका अकस्मात हमारे बीच से चले जाना बहुत बड़ी छति है।वो हमारे बीच से चले गये लेकिन उनकी बातें और साथ हमेशा याद रहेगा।

# मातृशक्ति की सदैव संरक्षक प्रदेश भाजपा सरकार : डॉ रमेश दुबे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने सर्वप्रथम लाडली बहना , लाडली लक्ष्मी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं के बाद अब उन्होंने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में काम कर रही आशा, उषा और पर्यवेक्षक आशा बहनों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा यह योजनाएं जितनी भी लागू की गई है विकास की दिशा से जोड़ने का कार्य किया है ये सुनिश्चित किया जाएगा कि बिना गंभीर लापरवाही के किसी भी बहन को सेवा से पृथक नहीं किया जाएगा।आशा और पर्यवेक्षक आशा बहनों की सेवानिवृति आयु 60 साल की बजाय 62 साल में होगी।आशा, उषा और पर्यवेक्षक आशा बहनों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा । आकस्मिक अवकाश भी प्रदान किया जाएगा हर आशा, उषा बहन को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में शामिल किया जाएगा। आशा बहनों के वेतन भुगतान और सत्यापन आशा डायरी के आधार पर सहयोगियों के सत्यापन के उपरांत कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आशा बहनों का मानदेय ड़ 2000 से बढ़ाकर ड़ 6000 करने के निर्देश देता हूं। हर साल इसमें ड़ 1000 की वृद्धि भी की जाएगी। आशा, उषा और आशा पर्यवेक्षक बहनों को सेवानिवृत्ति के बाद 1 लाख की राशि भी दी जाएगी। आशा, उषा और आशा पर्यवेक्षक बहनों को ड़5 लाख का चिकित्सा और दुर्घटना बीमा कराया जाएगा।

## मिहोना पुलिस की अवैध रेत का परिवहन करने वालों पर कार्यवाही

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्यवाही करने के निर्देशों के पालन में, त्वरित कार्यवाही करते हुये, एसडीओपी लहार अवनीश बंसल के निर्देशन में, दिनांक 29/07/23 को शाम क़रीब साढ़े चार बजे नरेल की पुलिया के पास मिहोना गोपालपुरा मार्ग पर सहायक उप निरीक्षक राजकुमार शर्मा द्वारा मय बल के मिहोना की ओर से आते हुये रेत से भरे डम्फर क्रमांक आरजे 11जीबी 843 को आते देखकर रोकने का इशारा किया तो डम्फर चालक पुलिस को देखकर, डंफर को ख़तरनाक व असुरक्षित दशा में सड़क पर खड़ा कर भागने का प्रयास करने लगा जिसे बल की मदद से घेरकर पकड़ने पर अपना नाम कुलदीप यादव निवासी डिडी का होना बताया और अपने पास रेत के परिवहन के सम्बंध में कोई वैध दस्तावेज न होना बताया । ट्रक चालक द्वारा चोरी कर रेत का अवैध परिवहन कर रहे कुल 25 लाख रुपये क़ीमत का डम्पर और रेत को जप्त किया जाकर चालक के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया ।

## मातमी धुनों के साथ ताजिये करबला में हुए दफन

# ताजियों में पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष ने बांटे पहला व दूसरा पुरुष्कार





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-इमाम हुसैन की शहादत पर मुस्लिम समुदाय के लोगो के द्वारा प्रतिवर्ष नगर में ताजियों को निकाला जाता हैं।अपने निर्धारित समय शाम के समय सभी मुसलमान भाइयो ने अपने अपने ठिकाने से ताजिये उठाये और नगर के मुख्य मार्गो से चलते हुए गणेश चौक पर एकत्रित हुए।जहां नव युवाओं ने अपने कर्तव्य दिखाए।ताजियों के आगे डीजी पर मातमी धुनों का संगीतमय बज रहा था वहीं नगर में अलग अलग जगहों पर खाने पीने के लिए स्टॉल लगाए गए थे।ताजियों के साथ दो बुराक जो ताजियों की रिश्ते में वहन बताई जाती हैं वह भी साथ चल रही थी।इस बीच नेता प्रतिपक्ष व लहार विधायक डॉगोविंद सिंह ने ताजियों में शिरकत कर सभी ताजियों का अवलोकन किया और फैज मोहम्मद मंसूरी बार्ड 14 को पहला पुरुस्कार और दूसरा पुरुस्कार सजाद मुन्ना खान पूर्व पोस्टमेन बार्ड 2 को दिया गया।इसके साथ ही सभी ताजियदारो को 500 रुपये सात्वना पुरुष्कार के रूप में दिए गए।बता दे कि यह पुरस्कार बार्ड न 7 के पूर्व पार्षद शेरे पठान के सौजन्य से दिए गए हैं।इसके उपरांत सभी ताजिये नगर में घूमते हुए कर्बला के लिए कूच कर गए।वहीं सुरक्षा की कमान दबोह उप निरीक्षक देवेंद्र राठौर तथा सहायक उप निरीक्षक राजकिशोर तिवारी समेत समस्त पुलिस बल दबोह ने संभाली रखी जिससे किसी प्रकार की कोई घटना व हंगामा नही हुआ।

# 84 लाख की लागत से दबोह उपतहसील का नेता प्रतिपक्ष ने किया लोकार्पण बोले दबोह क्षेत्र के किसानों को होगी सुविधा-डॉ गोविंद सिंह





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** उप तहसील का नवीन भवन को रविवार प्रतिपक्ष विधायक डॉ गोविंद सिंह के द्वारा लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि डॉ.गोविंद सिंह ने कहा कि दबोह उप तहसील का नवीन भवन बनने से अब दबोह के क्षेत्रीय किसानों को अपने खेती किसानी के काम कराने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी।पहले बाले भवन को नगर परिषद के द्वारा बनबाया गया था जो अब जीर्णशीर्ण हो गया था।उन्होंने कहा कि ये भले ही उप तहसील है पर अधिकार पूरे तहसील के है।वहीं अब इस नवीन भवन में किसानों के बैठने ने की और पानी,छाया की पर्याप्त जगह है।इसके पहले डॉ सिंह ने बीसनपुरा में एक उप स्वास्थ्य केंद्र का भी लोकार्पण किया। इसके पहले दबोह तहसीलदार ने किसानों को मिलने बाली सुविधाओ के बारे में बताया गया।इस अवसर पर काग्रेस के बरिष्ठ नेता डॉ ओपी कौरव,केशब दद्दू,राजेन्द्र खेमरिया, पार्षद जगमोहन तेहरिया,संजू गुप्ता,सुरेश कौरव,गंधर्व सिंह परिहार,शेरे पठान,मुन्ना कौरव, पार्षद सुधीर तिवारी, पुष्पेंद्र यादव,नफीस खान,रासबिहारी गोस्वामी,चन्द्र प्रकाश झा,चिस्टर खान,फरियाद खान आदि उपस्थित रहे।

**नवीन भवन पर नगर परिषद के पदाधिकारियों के नाम अंकित**-वैसे तो उप तहसील राजस्व विभाग के अंतर्गत आता है।जिसका लोकार्पण पर अंकित पटिका पर दबोह नगर परिषद अध्यक्ष,उपाध्यक्ष के नाम अंकित है।जबकि यह भवन राजस्व विभाग के द्वारा बनबाया गया नगर परिषद का कोई पैसा नही लगा है। जबकि इस लोकार्पण पर पटिका पर राजस्व विभाग के बरिष्ठ नेताओ या अधिकारियों के होना चाहिए थे पर नगर परिषद अपना काम कर गई।जो एक चर्चा का विषय बना हुआ है।वहीं बात करें राजस्व विभाग की तो जब इन सम्बंध में लहार एसडीएम से ड़ोन पर उप तहसील भवन के3 उदघाटन को लेकर चर्चा की गई तो उनका कहना था कि आज तो रविवार है तो उनके कोई जानकारी नही है।ये तो बड़े अचंभे की बात है कि राजस्व विभाग के अंतर्गत आने वाली उप तहसील का लोकार्पण हुआ और एसडीएम महोदय को जानकारी तक नही।

# फ़ैशन को खुद के मुताबिक बदलने वाला ही फ़ैशनेबल: रेखा जैनप्तो

## जीतो महिलाओं द्वारा देशी मेकओवर कार्यक्रम

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** = आज हर कोई स्टायलिश और फ़ैशनेबल दिखने की चाह रखता है क्योंकि स्मार्ट व और स्टाइलिश लुक वाला या वाली आकर्षण का केंद्र बनते है। कपड़ों का फ़ैशन एक परिवर्तनशील पहलू है जो समय-समय पर बदलता रहता है परंतु फ़ैशन के मुताबिक खुद को न बदलकर खुद के मुताबिक फ़ैशन को बदले वो ही वास्तविक फ़ैशनेबल होते है। यह बात जीतो बेंगलूरू नॉर्थ की महिला विंग द्वारा राष्ट्रीय योजना सीएफई के अंतर्गत फ़ैशन पर आयोजित कार्यक्रम ÷देशी मेकओवर÷ में फ़ैशन डिज़ाइनर रेखा जैन ने कही। उन्होंने कहा कि आज स्टाइलिश और फेशनेबल दिखने की चाह सभी रखते है और स्टाईल को लेकर नये-नये प्रयोग भी करते है क्योंकि जिस दिन कुछ अलग हटकर या नये फेशन के वस्त्र धारण करते है उस दिन स्वयं में आत्मविश्वास का लेवल अलग ही रहता है। जीतो बेंगलूरू नॉर्थ की महिला विंग अध्यक्ष बिंदु रायसोनी के नेतृत्व में राजाजी नगर स्थित कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक रेखा जैन ने उत्साही महिलाओं को पुराने वस्त्रों को नया लुक देकर आधुनिक फेशनेबल वस्त्र में तब्दील करने के गुर सिखाये।उन्होंने कार्यशाला में कहा कि फैशन हर दिन बदलता है इसके लिए वार्डरोब बदलने की जरूरत नहीं है बल्कि थोड़ी स्मार्टनेस दिखाकर अपने कपड़ों को मिक्स मैच करना होता है। उन्होंने पुराने कपड़ों के बने कई नई डिज़ाइनों के कपड़ों को साझा करते हुए कहा कि महंगे कपड़े पहनने को फैशन नहीं बल्कि सस्ते कपड़े भी ढंग से कैरी कर ले, वही असली फैशन है।भारतीय परंपराओं में पोशाक का विशेष महत्व है,जिसमें संस्कृति की झलक दिखती है।उन्होंने कहा कि विभिन्न समुदायों के लोग विभिन्न प्रकार के कपड़े पहनते हैं जो उनकी पहचान हैं।साड़ी, कुर्ता-पायजामा-धोती, सलवार कमीज, शरारा, लेहेंगा और चूड़ीदार। वेशभूषा किसी भी त्यौहार या हर्षोल्लास का माध्यम है । हर जगह लोग त्योहारों और छुट्टियों के दौरान फैशनेबल परिधान पहनते हैं।।





जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार कार्यशाला में प्रतिभागियों द्वारा भारत के प्रत्येक राज्य को दर्शाती वेशभूषा में कर्नाटक, बंगाली, पंजाबी, गुजराती, कश्मीरी, राजस्थान, ओसीडी, मलयाली, नेपाली आदि की प्रस्तुति हुई। मुख्य अतिथि एवं निर्णायक किरण लुनिया एवं नीलम ललवानी ने नंदा बाफ़ना, प्रिया जैन, संगीता मुथा को इनोवेटिव ड्रेस हेतु एवं माधुरी कटारिया को पंजाबी पोशाक हेतु चुना। सभी को प्रशिक्षक रेखा जैन द्वारा की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र से हुआ। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। प्रशिक्षक का परिचय एवं व्यवस्था कार्य संयोजिका मीना बडेरा एवं सह-संयोजिका पवन रांका, अल्का लोढ़ा ने सम्भाला।संगीता नागोरी, पुष्पा जैन, संतोष सोलंकी, संगीता आँचलिया ने अपने-अपने दायित्व का निर्वहन किया। उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना, सहमंत्री पिंकी मेहता, कोषाध्यक्ष मधु कटारिया, कार्यसमिति सदस्य संगीता बेताला, सूर्यकला सियाल, सुमन रांका, रक्षा छाजेड,सुष्मिता सेठिया,सुमन सिंघवी ,तनुजा मेहता आदि के साथ सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने सफ़लतम संचालन एवं धन्यवाद दिया राष्ट्गान के साथ आयोजन का समापन हुआ।

## एसपी खत्री ने पुलिस को मुहर्रम की अच्छी व्यवस्था करने पर बधाई दी

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने मुहर्रम की व्यवस्थाओं में भिंड जिले के सभी पुलिस के अधिकारी कर्मचारी, कंट्रोल रूम स्टाफ, रक्षित निरीक्षक व डीआरपी के बल, एसएएफ, होम गार्ड, रेडियो का स्टाफ, वॉलंटियर्स सभी ने दिन-रात जागकर मेंहनत की व उत्कृष्ट कार्य किया है,उन सभी को बधाई दी है। एसपी श्री खत्री ने सभी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, डीएसपी, सीएसपी के द्वारा उच्च कोटि का नेतृत्व करने पर बधाई देते हुए सभी को अच्छी ड्यूटी हेतु पुरस्कृत किये जाने की घोषणा की है ।

## लहार पुलिस की अवैध रेत का परिवहन करने वालों कार्यवाही

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक भिंड मनीष खत्री द्वारा रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्यवाही करने के निर्देशों के पालन में, त्वरित कार्यवाही करते हुये,एसडीओपी लहार अवनीश बंसल के निर्देशन में,दिनांक 29/07/23 को रात्रि क़रीब साढ़े नौ बजे क़स्बा लहार पेट्रोलिंग पर निकले लहार थाने में सहायक उप निरीक्षक प्रभाषकर उपाध्याय द्वारा मय आरक्षक दीपेन्द्र सिंह व सुभाष जाट के पोस्ट ऑफिस वाली गली क़स्बा लहार से, अवैध रेत का परिवहन कर रहे ट्रेक्टर को मय अवैध रेत से भारी ट्रॉली को जप्त किया जाकर उनके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया । अज्ञात ट्रेक्टर चालक मौक़े से ट्रेक्टर छोड़कर भागा जिसकी पतारशी की जा रही है ।

# संत रविदास ने अपने जीवन में समाज को शिक्षा के लिए जागृत किया :भानू प्रताप वर्मा

## संत रविदास के विचार हम सबको जागृत कर रहे हैं :संध्या राय

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जन अभियान परिषद के सौजन्य से प्रदेश भर में निकाली जा रही राष्ट्रीय संत शिरोमणि रविदास सामाजिक समरसता यात्रा अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत गोहद,मौ आमायन हुई विधानसभा क्षेत्र लहार में प्रवेश किया यहां भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष क्षेत्रीय सांसद संध्या राय, जिला संगठन प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य जयप्रकाश राजौरिया, पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया पूर्व विधायक रसाल सिंह एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं ने संत रविदास यात्रा की अगवानी करते हुए उनकी चरण पादुका अपने सिर पर रखकर कर शहर के प्रमुख मार्गों से रेली निकालकर कार्यक्रम जनसंवाद स्थल घोड़ा चौक पर सम्मान के साथ मंच पर स्थापित करते हुए उनका पूजन किया।संत रविदास सामाजिक समरसता के जन संवाद कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कि संत रविदास का सम्पूर्ण जीवन ईश्वरी भक्ति में लगाऐ रहे और उन्होंने समाज के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार सागर में सौ करौड की लागत से निमार्ण कराने जा रही है यह यात्रा समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को हिनदूतत के प्रति लोगों में भाव जागृत कर रही हैं।भाजपा सांसद संध्या राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पं दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद एवं संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के अंतोदय विचारधाराओं को समन्वित प्रयास किया है।इस





अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जिला संगठन प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने संत रविदास के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा समाज को विकसित करना और उनकी विकास की चिंता करना यह हमेशा भाव रहा है यही प्रदेश के मुख्यमंत्री संकल्प लेकर सागर में 100 करोड़ की लागत से भव्य मंदिर का निर्माण संत रविदास जी का कराने जा रही है आप इसमें सब लोग एकत्रित होकर 12 अगस्त को सागर पहुंचकर प्रधानमंत्री जी के उद्देश्य उद्बोधन को सुने और कार्यक्रम में शामिल हो। यात्रा ग्राम पर्रायच मे यात्रा की अगवानी एवं स्वागत किया । यात्रा के साथ में केंद्रीय राज्य मंत्री भानू प्रताप वर्मा,सांसद संध्या राय जिला प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया ,भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया लहार के यात्रा संयोजक रसाल सिंह पूर्व विधायक प्रदेश कार्यसमिति, सदस्य अशोक चौधरी रोमेश महंत जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष हृदय सिंह कुशवाह लहार नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार महाते जिला पंचायत उपाध्यक्ष नंदराम सिंह बघेल मनोज शास्त्री विधानसभा संयोजक नवल किशोर मिश्रा मंडल अध्यक्षों में जबर सिंह कुशवाह दीपक सिंह राजावत विकास बौहोरे, देवेंद्र उपाध्याय कुलदीप सिंह कौरव राजेश सिंह कौरव राम कुमार गौरव अंजनी . कुचेमिया,अभिभाषक संघ के अध्यक्ष विकास विक्रय एडवोकेट, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष नीलम शर्मा ने,यात्रा ग्राम पर्रायच से रावतपुरा सानी, मेहर बुजुर्ग,छिवावली,नानपुरा श्यामपुरा होती हुई महाराणा प्रताप चौराहे पर भव्य स्वागत किया।नगर के नया बस स्टैंड मझतौरा चौराहा संत रविदास स्कूल वार्ड नंबर 12 लहार मे संत शिरोमणि की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित करते हुए हॉकर जॉन पचपेड़ा तिराहा लहार में सभा एवं संवाद किया जाएगा ।

## पवार पर संशय जारी है

शरद पवार को लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की पार्टियों में संशय खत्म होने की बजाय बढ़ गया है। सोचें, शरद पवार और उद्धव ठाकरे की मेजबानी में



अगस्त के आखिरी हफ्ते में 'इंडिया' की तीसरी बैठक होने वाली है। उससे पहले विपक्षी पार्टियां इस बात को लेकर संशय में हैं कि शरद पवार किस साइड हैं। उन्होंने पार्टी से अलग होने वाले नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की है। पार्टी टूटने के बाद दो-चार दिन तक वे सक्रिय रहे थे लेकिन अब सक्रियता भी खत्म हो गई है। पार्टी छोड़ने वाले सभी विधायकों के साथ दो बार में उनकी मुलाकात हुई है। पहले नौ लोग मिले, जो मंत्री बने हैं और उसके बाद 15 और विधायक अगले दिन मिले। सबने कहा कि वे शरद पवार का आशीर्वाद लेने के लिए मिले थे।

अब एक अगस्त को शरद पवार को एक ऐसे कार्यक्रम में हिस्सा लेना है, जिसमें मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाने के मौके पर पवार और मोदी मंच साझा करेंगे। विपक्षी पार्टियों को लग रहा है कि मुंबई में होने वाली गठबंधन की बैठक से पहले इतने बड़े नेता का प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच साझा करना ठीक नहीं होगा। इसका मैसेज गलत जाएगा। शरद पवार को लेकर महाराष्ट्र में पहले से यह मैसेज है कि पार्टी टूटी नहीं है, बल्कि रणनीति के तहत तुड़वाई गई है और सब कुछ पवार सीनियर के आशीर्वाद से ही हुआ है।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता राज ठाकरे ने दावा किया है कि एनसीपी नेताओं का एक गुट भतीजे अजित पवार के नेतृत्व में भाजपा के साथ चला गया है और दूसरा चाचा यानी शरद पवार के नेतृत्व वाला गुट भी जल्दी ही भाजपा के साथ जाएगा। खुद शरद पवार पहले कह चुके हैं कि उन्होंने 2019 में सरकार बनाने के लिए भाजपा से बात की थी। सो, शरद पवार और महाराष्ट्र के दूसरे नेताओं के बयानों से संशय बढ़ रहा है। हालांकि कोई भी नेता दावे के साथ नहीं कह सकता है कि शरद पवार क्या करेंगे?

*शरद पवार और उद्धव ठाकरे की मेजबानी में अगस्त के आखिरी हफ्ते में 'इंडिया' की तीसरी बैठक होने वाली है। उससे पहले विपक्षी पार्टियां इस बात को लेकर संशय में हैं कि शरद पवार किस साइड हैं। उन्होंने पार्टी से अलग होने वाले नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की है। पार्टी टूटने के बाद दो-चार दिन तक वे सक्रिय रहे थे लेकिन अब सक्रियता भी खत्म हो गई है।*

जो लोग बहुत दावे के साथ कह रहे हैं कि पवार ने ही अपनी पार्टी तुड़वाई है वे भी दावे के साथ यह नहीं बता सकते हैं कि इसके पीछे असली मकसद क्या है। ज्यादातर जानकार मान रहे हैं कि शरद पवार भाजपा के साथ नहीं जाएंगे और यह भी कहा जा रहा है कि उनका मराठा वोट उनके साथ एकजुट है। यह वोट तभी टूटेगा, जब भाजपा उनके भतीजे अजित पवार को मुख्यमंत्री बना दे। बहरहाल, असल में क्या होगा यह किसी को पता नहीं है कि लेकिन चूंकि विपक्षी गठबंधन की अगली बैठक मुंबई में होने वाली है और उससे पहले शरद पवार को मोदी के साथ मंच साझा करना है इसलिए उनकी राजनीति को लेकर अटकलों का दौर चलता रहेगा।

## 'इंडिया' का प्रचार कर रहे प्रधानमंत्री

विपक्षी गठबंधन ने 18 जुलाई को बेंगलुरू में हुई बैठक में तय किया था उसका नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस यानी 'इंडिया' होगा। उसके बाद दो हफ्ते से भी कम समय में यह नाम लोगों की जुबान पर चढ़ गया है और इसका श्रेय जाता है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी के नेताओं को। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन को लेकर पिछले 10-12 दिन में इतने बयान दिए हैं, जितने खुद गठबंधन के नेताओं ने नहीं दिए। उन्होंने भाजपा के संसदीय बोर्ड की बैठक में 'इंडिया' को लेकर तीखे बयान दिए और उसे ईस्ट इंडिया कंपनी, इंडियन मुजाहिदीन और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से जोड़ा। उन्होंने यह बात राजस्थान के सीकर की रैली में भी दोहराई। अभी संसद का सत्र चल रहा है और इस दौरान पार्टी के सारे नेता विपक्षी गठबंधन पर हमला करने के लिए उन्हीं जुमलों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनका इस्तेमाल प्रधानमंत्री ने किया था।

संसदीय बोर्ड में उनके बयान के बाद जैसे भाजपा नेताओं को इस बात का लाइसेंस मिल गया कि वे विपक्षी गठबंधन को बदनाम करने के लिए कुछ भी कहें। 'इंडिया' नाम रखे जाने के तुरंत बाद हिमंत बिस्वा सरमा ने अपना बायो बदला था। उसके बाद से भाजपा के सारे नेता इस नाम को निशाना बना रहे हैं, जिससे अपने आप इसका प्रचार हो रहा है। आखिर बैड पब्लिसिटी भी पब्लिसिटी होती है। सो, विपक्षी नेता गदगद हैं कि उनका तीर निशाने पर लगा है। बहरहाल, अब जाकर भाजपा नेताओं को समझ में आया है कि वे तो विपक्षी गठबंधन का प्रचार कर रहे हैं तो कहा जा रहा है कि अब 'इंडिया' को निशाना नहीं बनाया जाएगा। जानकार सूत्रों का कहना है कि 'इंडिया' की बजाय सीधे विपक्ष कह कर निशाना साधेगा। ऐसा लग रहा है कि भाजपा नेताओं को यह बात समझ में आई है कि 'इंडिया' भले विपक्षी गठबंधन का नाम है पर इसे बदनाम करने का नुकसान ज्यादा हो रहा है।

## भाजपा क्या कांडा को मंत्री बनाएगी?

हरियाणा की सिरसा विधानसभा सीट के विधायक गोपाल कांडा ने 11 साल पहले मंत्री पद गंवाया था। उनकी एमडीएलआर एयरलाइंस में एयरहोस्टेस रही



गीतिका शर्मा की खुदकुशी के बाद उन पर मुकदमा हुआ, उनको मंत्री पद छोड़ना पड़ा, वे जेल भी गए लेकिन अब इस मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने उनको बरी कर दिया है। बरी के बाद उन्होंने पहला राजनीतिक काम यह किया कि दिल्ली के हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। इसके बाद इस बात का कयास लगाए जा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी उनको हरियाणा सरकार में मंत्री बना सकती है। उनको मंत्री बनाने में भाजपा कई फायदे देख रही है और तभी पिछले कुछ समय से पार्टी के बड़े नेता उनके संपर्क में थे।

ध्यान रहे कुछ समय पहले ही भाजपा के हरियाणा प्रभारी बिप्लब देब उनसे मिले थे। उन्होंने सभी पांच निर्दलीय विधायकों से भी मुलाकात की थी और पार्टी की सहयोगी जननायक जनता पार्टी को यह संदेश दिया था कि भाजपा उसके भरोसे सरकार नहीं चला रही है। जजपा नेताओं के ऊपर दबाव बनाए रखने के लिए गोपाल कांडा एक जरूरी कार्ड हैं। दूसरे वे सिरसा क्षेत्र से आते हैं, जो चौटाला परिवार का पारंपरिक गढ़ है। वहां उनको साथ लेने से गैर जाट मतदाताओं को एकजुट करने में भाजपा को मदद मिलेगी। बताया जा रहा है कि कई लोकसभा सीटों को लेकर जजपा के साथ भाजपा का संतुलन नहीं बन रहा है। इसलिए लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा बिना जजपा के सरकार के बहुमत को मजबूत करने में जुटी है। ताकि अगर दुष्यंत चौटाला किसी समय सरकार से अलग हों तो सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़े। जजपा के अलग होने से भाजपा गैर जाट ध्रुवीकरण होने की संभावना भी देख रही है।

## तमिलनाडु में भाजपा क्या संदेश दे रही है?

भारतीय जनता पार्टी में तमिलनाडु को लेकर अंदर अंदर कुछ बड़ी योजना बन रही है। तमिलनाडु से मिले धार्मिक प्रतीक सेंगोल को संसद में स्थापित करने के बाद अमित शाह ने वहां एक कार्यक्रम में कहा था धन्यवाद स्वरूप तमिलनाडु के लोग 25 लोकसभा सीटें नरेंद्र मोदी को दें। उससे पहले तमिल काशी संगम का बहुत शोर रहा था। पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका गए तो वहां प्रवासी भारतीयों के सम्मेलन में उन्होंने कहा कि तमिल दुनिया की सबसे पुरानी भाषा है। अब तमिलनाडु में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने एक पदयात्रा निकाली है, जिसे अमित शाह ने हरी झंडी दिखाई।

तमिल में इस पदयात्रा का जो नाम दिया गया है उसका मतलब है 'मेरी धरती, मेरे लोग'। इस यात्रा को हरी झंडी दिखाने के मौके पर भाजपा की सहयोगी पार्टियों ने दूरी बनाई। उसकी दो छोटी सहयोगी पार्टियां डीएमडीके और पीएमके ने इस कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया। बड़ी सहयोगी और राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी अन्ना डीएमके ने इसमें हिस्सा लिया लेकिन उसने भी सिर्फ एक पूर्व मंत्री को कार्यक्रम में भेजा। जाहिर है उसने भी कोई बहुत उत्साह नहीं दिखाया। असल में अन्ना डीएमके और दूसरे सहयोगी पार्टियां इस बात को लेकर हैरान हैं कि जब भाजपा को उनके साथ लड़ना है और उसका कोई स्वतंत्र आधार नहीं है तो फिर वह क्यों इतने महत्वाकांक्षी कार्यक्रम कर रही है? सहयोगी पार्टियां इस आशंका में हैं कि भाजपा ज्यादा सीट मांग सकती है। दूसरी ओर भाजपा के नेता कह रहे हैं पार्टी को पहली बार तमिलनाडु में कुछ बेहतर करने की संभावना दिख रही है।

## असहमति को रोकने के नए उपाय

ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार और उसके साथ साथ कुछ कथित स्वायत्त संस्थाओं को भी असहमति पसंद नहीं आ रही है और वे इसे रोकने के लिए नए नए उपाय आजमा रहे हैं। ताजा खबर है कि साउथ एशियन यूनिवर्सिटी ने अपने यहां दाखिले ले रहे नए छात्रों से एक अंडरटेकिंग देने को कहा है, जिसमें उनको यह घोषणा करनी है कि वे किसी प्रदर्शन का हिस्सा नहीं होंगे। यानी उन्हें शपथ लेनी है कि वे इस अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी में पढ़ते हुए कोई विरोध प्रदर्शन नहीं करेंगे और किसी भी मामले में असहमति प्रकट नहीं करेंगे। उनसे यह भी अंडरटेकिंग देने को कहा गया है कि वे शपथ लेकर बताएं कि उन्हें कोई मानसिक समस्या नहीं है। सोचें, एक तरफ सारी दुनिया मेंटल हेल्थ को लेकर चर्चा कर रही है तो दूसरी ओर यह अंतरराष्ट्रीय शिक्षण संस्थान इस तरह की अंडरटेकिंग देने को कह रहा है।

इससे पहले खबर आई थी कि संसद की एक समिति ने सिफारिश की है कि आगे से भारत सरकार कोई भी पुरस्कार या सम्मान किसी को देगी तो उससे अंडरटेकिंग लेगी कि भविष्य में वह इस सम्मान को लौटाएगा नहीं। असल में कुछ समय पहले केंद्र सरकार की नीतियों और कई घटनाओं के विरोध में अवार्ड वापसी हुई थी। भाजपा नेताओं और उसकी आईटी सेल ने पहले ही सम्मान लौटाने वालों को अवार्ड वापसी गैंग बता कर उनको खासा बदनाम किया है। लेकिन अब सरकार चाहती है कि पुरस्कार लेने से पहले ही वे शपथ लें कि वे इसे लौटाएंगे नहीं। अगर इस तरह का कोई कानून बन गया तो यह तय मानें कि कोई भी सच्चा और संवेदनशील लेखक, कलाकार, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता कोई सम्मान नहीं लेगा क्योंकि ऐसी कोई भी अंडरटेकिंग देना स्वतंत्र व लोकतांत्रिक व्यक्ति की गरिमा को कम करने वाला होगा। हो सकता है कि सरकार ऐसा चाह ही रही हो ताकि सारे पुरस्कार और सम्मान सत्ता की चाकरी करने वालों को दिया जा सके।

---

परदे से उलझती ज़िंदगी

# अपरिवर्तनीय करण जौहर




■ सुशील कुमार सिंह

*'लस्ट स्टोरीज़' के पांच और 'घोस्ट स्टोरीज़' के चार साल बाद 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में करण जोहर निर्देशक की भूमिका में लौटे हैं, और उनमें कोई अंतर नहीं आया है। रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, जया बच्चन, शबाना आज़मी आदि को एक साथ लाकर भी वे अनेक हिट फिल्मों के अलग-अलग टुकड़ों को जोड़ देने भर से आगे नहीं बढ़ सके हैं। एक पंजाबी और एक बंगाली यानी एक खिलंदड़े और एक शांत-सौम्य परिवार के बीच तादात्म्य बैठाने के लिए रणवीर और आलिया को कई तरह की रूढ़ परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है।*

कहने को इन दिनों फिल्मों में अच्छी कहानियों की पूछ बढ़ गई है। लगभग सभी फिल्मकार, और स्टार भी, कहते मिलेंगे कि उन्हें अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश है। अच्छी स्क्रिप्ट से मतलब उन्हें कुछ नया चाहिए। लेकिन जिसे वे नया मानते हैं या जिसे नया कहा जा सकता है, उसका हश्र क्या हो रहा है? इसका पता हाल की तीन फिल्मों से चलता है। कुछ दिन पहले कार्तिक आर्यन और कियारा आडवानी की 'सत्यप्रेम की कथा' में शारीरिक संबंधों में महिला की सहमति की आवश्यकता का मुद्दा उठाया गया था, मगर खासे अगंभीर तरीके से। समीर विद्वंस के निर्देशन वाली इस फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला थे। फिर ओटीटी पर रिलीज़ हुई 'बवाल' में एक दंपति की आपसी तनातनी के ख़ात्मे और रंगबाज़ी में उतराते एक अध्यापक को समय, रिश्तों और पेशे की अहमियत का अहसास कराने के लिए द्वितीय विश्वयुद्ध के उन स्थलों का सहारा लिया गया जो हिटलर के अत्याचारों के साक्षी थे। कहा जा सकता है कि यह इतिहास का जितना दर्दनाक अध्याय है उसे उतने ही उथले और अतार्किक नतीजों वाले प्रयोजन का हिस्सा बना लिया गया। इस फिल्म के भी निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं जबकि निर्देशन नितेश तिवारी का है।

वही नितेश तिवारी जो 'दंगल' जैसी एक बड़ी फिल्म हमें दे चुके हैं और अब रामायण पर एक ऐसी फिल्म की योजना बना रहे हैं जो तीन भागों में होगी। बहरहाल, 'बवाल' के बाद आई है 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जिसमें महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता जैसे एक प्रगतिशील मुद्दे का घोर व्यावसायिक बल्कि छलावे जैसा प्रयोग किया गया है। फिल्म में इस विषय पर हीरोइन आलिया भट्ट काफी क्रांतिकारी बातें करती हैं, एक चौंकाता हुआ भाषण देती हैं, लेकिन फिल्म के अंत में वे यह भी कहती दिखती हैं कि जो कुछ मैंने किया और कहा वह सब गलत था। इसलिए यह समझना मुश्किल है कि आखिर हमारा बॉलीवुड कहानियों में नयेपन की मांग क्यों कर रहा है? क्या वह उसे किसी फॉर्मूले की तरह इस्तेमाल करना चाहता है?

करण जोहर का धर्मा प्रोडक्शन इन दिनों जिन फिल्मों के निर्माण में हिस्सेदार है, उनकी संख्या बहुत बड़ी है। उनमें कई बार छोटे बजट की अच्छी फिल्में भी होती हैं। लेकिन जब करण खुद निर्देशन संभालते हैं तो वह महंगी, कई स्टारों वाली, भव्य और तामझाम वाली फिल्म होती है। 'लस्ट स्टोरीज़' के पांच और 'घोस्ट स्टोरीज़' के चार साल बाद 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में करण जोहर निर्देशक की भूमिका में लौटे हैं, और उनमें कोई अंतर नहीं आया है। रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, जया बच्चन, शबाना आज़मी आदि को एक साथ लाकर भी वे अनेक हिट फिल्मों के अलग-अलग टुकड़ों को जोड़ देने भर से आगे नहीं बढ़ सके हैं। एक पंजाबी और एक बंगाली यानी एक खिलंदड़े और एक शांत-सौम्य परिवार के बीच तादात्म्य बैठाने के लिए रणवीर और आलिया को कई तरह की रूढ़ परिस्थितियों



से गुजरना पड़ता है। शादी से पहले वे एक-दूसरे के परिवारों के साथ कुछ दिन बिताते हैं। इस चक्कर में कई विद्रूप और कई ऊबड़-खाबड़ मौके उनके सामने आते हैं, लेकिन अंत में सब ठीक हो जाता है। कुछ मसलों के सुलझने की रफ़्तार आपको चकित कर सकती है। चकित आप इस पर भी हो सकते हैं कि फिल्म में आपके अधिकतर अनुमान सही निकले कि अब क्या होगा।

संगीत, डांस और अति नाटकीयता की भरमार वाली यह फिल्म जया बच्चन को क्रूर दादी बना कर जाया करती है तो शबाना के लिए कुछ करने को ही नहीं था। धर्मेंद्र से इस उम्र में आप क्या उम्मीद कर सकते हैं? बस लोग उन्हें परदे पर देख कर खुश हो जाते हैं। अपने काम में आलिया सबसे आगे रही हैं। यह अलग बात है कि इस फिल्म का चलना रणवीर सिंह के लिए ज्यादा जरूरी है क्योंकि अक्षय कुमार की तरह उनकी भी लगातार कई फिल्में पिट चुकी हैं और उनकी अतिरिक्त गतिशीलता उनका यह डेस्परेशन जाहिर भी करती है। लेकिन यह फिल्म आपको इस सवाल से जूझता छोड़ जाती है कि क्या करण जोहर से हम यही चाहते हैं? अपने एक ऐसे शीर्ष फिल्मकार से जो अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिल्में बनाने, कितना भी खर्च बर्दाश्त कर सकने और कोई भी प्रयोग कर पाने की सामर्थ्य रखता है।

## भारत-पाकिस्तान और सनी देओल

सनी देओल आजकल खूब ट्रोल हो रहे हैं। उन्हें काफ़ी भला-बुरा कहा जा रहा है। असल में, अपनी आगामी फिल्म 'गदर 2' के ट्रेलर लॉन्च के समय सनी देओल ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के लोगों में एक-दूसरे के लिए नफ़रत की वजह सियासत है। उनका कहना था कि दोनों देशों की जनता नहीं चाहती कि हम आपस में लड़ें। आखिर दोनों तरफ के लोग निकले तो एक ही मिट्टी से हैं। सनी ने कहा कि झगड़े नहीं होने चाहिए। दोनों तरफ उतना ही प्यार है। और ये तो सियासी खेल है जो नफरतें पैदा करता है।

इस बयान से साफ़ है कि सनी सांसद ज़रूर बन गए, पर राजनीति नहीं सीख पाए। दिवंगत विनोद खन्ना के बाद सनी देओल ने ही भाजपा के लिए गुरदासपुर की लोकसभा सीट कांग्रेस से छीनी थी। लेकिन राजनीति में उनका मन नहीं लगता। इसलिए वे राजनीति से, यहां तक कि अपने चुनाव क्षेत्र से भी दूर ही रहते हैं। उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चलती रहती हैं। जिन सुनील जाखड़ को उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में हराया था वे अब भाजपा में आ चुके हैं और प्रदेश अध्यक्ष हैं। ट्रेलर लॉन्च के अवसर पर सनी ने जो कुछ कहा, वह उनके लिए राजनीतिक तौर पर फिट नहीं बैठता। भारत और पाकिस्तान की जनता में कोई झगड़ा नहीं चाहता, ये वे कैसी बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं!

यह कह कि आप फिल्म में भी यही देखेंगे, सनी देओल ने 'गदर 2' के निर्माता-निर्देशक अनिल शर्मा के लिए भी परेशानी खड़ी कर दी है। अपनी फिल्म के पक्ष में माहौल बनाने की खातिर अनिल ने हाल ही में कुछ थिएटरों पर 'गदरः एक प्रेम कथा' यानी इसका पहला भाग दो दशक बाद फिर से रिलीज़ किया था। दूसरे भाग में उनका बेटा उत्कर्ष भी है और उन्हें उम्मीद है कि यह फिल्म बेटे के करियर को गति देगी। लेकिन सनी के बयान के बाद लोग इस फ़िल्म के बायकॉट का अभियान चला रहे हैं।

बहरहाल, एक दिलचस्प बात यह है कि इसी हफ्ते 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के जरिये लंबे समय बाद बड़े परदे पर धर्मेंद्र दिखाई पड़े हैं। अब उनके बेटे सनी देओल की महत्वाकांक्षी फिल्म 'गदर 2' रिलीज़ हो रही है जबकि कुछ ही दिन में सनी के बेटे राजवीर की फ़िल्म 'दोनों' भी आने वाली है। राजवीर देओल के साथ यह पलोमा ठकेरिया की भी पहली फिल्म है जो पूनम ढिल्लों की बेटी हैं। राजश्री प्रोडक्शंस के बैनर की इस फिल्म में सूरज बड़जात्या के बेटे अविनाश बड़जात्या ने निर्देशन दिया है। यानी ताराचंद बड़जात्या के स्थापित किए इस संस्थान में तीसरी पीढ़ी काम संभालने जा रही है। ताराचंद बड़जात्या तो अब नहीं हैं, मगर सूरज को अपने बेटे की फिल्म का बेसब्री से इंतज़ार है। अब ज़रा धर्मेंद्र की सोचिए। उनके मूल और हेमा मालिनी वाले परिवार को मिला कर इतने लोग तो परदे पर आ ही चुके हैं कि वे अनिल और बोनी कपूर के खानदान से मुकाबला कर सकें। यह भी याद करने की कोशिश करिए कि किन्हीं पिता, पुत्र और पौत्र तीनों की फिल्में लगभग एक साथ रिलीज़ हुई हों, ऐसा पहले कब हुआ है। एक ही फिल्म में तीनों हों, यह तो कई बार हो चुका। लेकिन तीनों की अलग-अलग फिल्में एक महीने के वक्फ़े में आएं, यह एक दुर्लभ स्थित है।

## फ़िल्म पायरेसी पर सज़ा

सिनेमेटोग्राफ एक्ट 1952 संशोधन विधेयक राज्यसभा से पास हो चुका है जिसमें फ़िल्म पायरेसी पर तीन साल तक की कैद और फिल्म की लागत के पांच फ़ीसदी के बराबर जुर्माने का प्रावधान है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का कहना था कि पायरेसी से सिनेमा उद्योग को लगभग बीस हजार करोड़ रुपए सालाना का नुकसान हो रहा है। इस नुक्सान के पीड़ितों में अब ओटीटी प्लेटफॉर्म भी जुड़ गए हैं। कई बार तो फ़िल्म रिलीज़ होने से पहले ही उसकी चोरी की प्रतियां इंटरनेट पर आ जाती हैं और जब तक पुलिस कुछ करे तब तक तो लाखों लोग फ़िल्म देख भी चुकते हैं। हालत यह है कि कुछ लोग सिनेमाघरों में चलती फ़िल्म को ही रिकॉर्ड कर लेते हैं और उसी को सर्कुलेट कर देते हैं। उनमें दर्शकों के हंसने और तालियां या सीटियां बजाने की आवाजें भी आती रहती हैं। शायद अपने दोस्तों और करीबियों को दिखाने के लिए रिकॉर्ड की गई फिल्म की ये निहायत घटिया प्रतियां लोग यूट्यूब पर भी डाल देते हैं।

वैसे इस कानूनी संशोधन में जुर्माने का पहलू दिलचस्प है। पकड़े जाने पर तीन साल की कैद के साथ फ़िल्म की लागत के पांच प्रतिशत के बराबर जुर्माना देना होगा। यानी अगर निर्माता कंपनी यह साबित कर दे कि फिल्म बनाने में चार सौ करोड़ रुपए लगे हैं, तो उसकी पायरेसी के दोषी पर बीस करोड़ का जुर्माना लगेगा। निश्चित ही जुर्माने की रकम या उसका एक हिस्सा निर्माता को मिलेगा, इसलिए वह लागत बढ़-चढ़ा कर साबित करना चाहेगा। पता नहीं, इससे पायरेसी का संगठित गोरखधंधा कितना रुक पाएगा। लेकिन निजी स्तर पर अपनी मस्ती या दोस्तों को दिखाने के लिए जो लोग ऐसा करते हैं, उन्हें तत्काल सावधान हो जाना चाहिए।

### 86 सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित किया गया '67 साहित्यकारों का सम्मान समारोह'

# साहित्यकारों की जीवटता और जिजीविषा सम्पूर्ण समाज को अंगीकृत करनी चाहिए - गिरीश गौतम






**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**विवेक तिवारी (सम्भागीय ब्यूरो)**

**रीवा।** समाजसेवी सुभाष श्रीवास्तव के 67वें जन्मदिवस पर, शहर के 86 सामाजिक संगठनों द्वारा ÷साहित्यकार सम्मान समारोह÷ एवं ÷युवा संवाद कार्यक्रम÷ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा कि- ÷साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है! दर्पण में वही दिखता है जो जैसा होता है! ?ब समाज दिशा और दशा से भटकता है तो साहित्य ही उसे उचित मार्ग प्रशस्त करता है। इसलिए आदिकाल से ही साहित्यकारों का महत्व रहा है! आज भी है और आगे आने वाली सदियों तक रहेगा! इसलिए साहित्यकारों की जीवटता और जिजीविषा सम्पूर्ण समाज को अंगीकृत करनी चाहिए÷कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि- ÷ सुभाष श्रीवास्तव जी का संपूर्ण व्यक्तित्व लोगों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है। संघर्षों के बावजूद जिन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया, ऐसी जीवट लोग बिरले ही मिलते है जो स्वयं का हित नहीं वरन समाज की फिक्र करते है, मैं इनके शतायु होने की कामना करता हूँ। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि- ÷कवियों की रचनाओं में वो ताकत होती है जो सोये हुए समाज को जगाने का माद्दा रखते है! इसलिए साहित्यकारों की प्रासंगिकता समाज में सदैव रहेगी। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह ने कहा कि- ÷जो समाजसेवी समाज के लिए जीता है, निःस्वार्थ भाव से इंसानियत और मानवता की सेवा करता है उसके व्यक्तित्व और कृतित्व का मूल्यांकन करना समाज का नैतिक दायित्व है, मैं इस आयोजन के लिए सर्व सामाजिक संगठन को साधुवाद देता हूँ । कार्यक्रम में पहले उन साहित्यकारों को मरणोपरांत सम्मान प्रदान किया गया उनमें प्रमुख रूप से ÷मरणोपरांत सम्मान÷ स्व. दादा भाई लाल विक्रम जीत सिंह, स्व. आदित्य प्रताप सिंह, स्व. विनीत विक्रम बौद्ध, स्व. शंभू द्विवेदी काकू, स्व. भगवती प्रसाद शुक्ला, स्व. कालिका त्रिपाठी, स्व. वेद प्रकाश चड्ढा, स्व. राजेंद्र तिवारी भारतीय, स्व. शारदा प्रसाद मालवीय, स्व. ओम नारायण तिवारी, स्व. राजीव लोचन शर्मा, स्व. शिव शंकर त्रिपाठी शिवाला, स्व. सिद्धिविनायक द्विवेदी, स्व. मणि रायपुरी, स्व. गोमती प्रसाद द्विवेदी विकल, मरहूम नूर रिवानी, मरहूम अमीनदुद्दीन अमीन, स्व. आर. के. निगम, स्व. विश्वनाथ सिंह काशी, स्व. ठाकुर गोपाल शरण सिंह, स्व. संपत सिंह गहरवार एवं स्व. संतोष गौतम शामिल है। समारोह में 67 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। समारोह में नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यकटेश पाण्डेय, श्रीमती कविता पाण्डेय तथा श्री राजेन्द्र शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।समारोह में समाजसेवी श्री सुभाष श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में स्वागत भाषण युवा एकता कल्याण संघ के अध्यक्ष राजराखन पटेल ने एवं आभार आभार प्रदर्शन अभ्युदय उपकार फाउंडेशन की अध्यक्ष अनामिका शुक्ला ने व्यक्त किया।

### प्रचंड बहुमत से बनेगी प्रदेश में कंग्रेस सरकार रवि जोशी

# वोटर लिस्ट का गहराई से परिक्षण करे कांग्रेस कार्यकर्ता रवि नाईक

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

**खरगोन ।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर खरगोन विधानसभा के मंडल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक और विधयाक रवि जोशी जी ने संयुक्त रूप से ली बैठक में आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारीयों पर चर्चा हुई मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए विधायक रवि जोशी ने कहा की मध्यप्रदेश में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है तमाम सर्वे भी मध्यप्रदेश में कांग्रेस को बहुमत दर्शा रहे है इसलिए हमें और भी सचेत होकर कार्य करने की आवश्यकता है उन्होंने आगे कहा की मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष अपने अपने क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर कांग्रेस पार्टी एवं कमलनाथ जी के वचन जनता तक पहुंचाए शीघ्र ही खरगोन विधानसभा के मंडल व सेक्टर अध्यक्ष के साथ बी.एल.ए. की एक दिवसीय प्रशिक्षण भी आयोजित किया जाएगा इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने कहा की आगामी विधानसभा चुनाओं में मंडल सेक्टर अध्यक्षों और बी.एल.ए. की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है 2 अगस्त को निर्वाचन विभाग द्वारा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन होगा और पुरे अगस्त माह में इसमें संशोधन की प्रक्रिया चलेंगी इस दौरान मंडल सेक्टर अध्यक्ष एवं बीएलए सक्रिय रूप से अपने अपने बूथ पर फर्जी मतदाताओं के नाम काटने एवं योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने का कार्य करें उन्होंने आगे कहा की देश के कई राज्यों में विधानसभा चुनाव के पूर्व मतदाता सूचियों में गड़बड़ियाँ सामने आयी है जिसमे कई वास्तविक मतदाताओ के नाम मतदाता सूची से गायब हो गये और उनकी जगह फर्जी मतदाताओं के नाम जुड़ गए इस प्रकार की धांधली से चुनाव परिणाम प्रभावित होते है हमारे यहाँ ऐसी स्थिति नहीं बने इसलिए सभी कार्यकर्ता सजग होकर अपने अपने बुथो की वोटर लिस्ट का गहराई से परिक्षण करें बैठक को शहर कांग्रेस अध्यक्ष पुर्णा ठाकुर, गोगावां ब्लॉक अध्यक्ष सदाशिव यादव, खरगोन ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश यादव ने भी संबोधित किया बैठक में प्रमुख रूप से लखन पाटीदार, राजेश मंडलोई, मोहनलाल पाटीदार, मुकेश गोले, जीतेन्द्र भावसार, जैनुद्दीन बादशाह, भारत रघुवंशी, विजय कोचले, असलम शेख, मिलाप जैन, संजय पाटीदार, प्रकाश पाटीदार, रवि शंकर पाटीदार, महेश पाटीदार, चन्द्रप्रकाश कुशवाह, इदरीश नूरी, गोविन्द यादव, सुभाष यादव, प्रिंस पाटीदार, विनोद यादव, सोनू कुमावत, आदि मौजूद थे

# विकास पर्व में विधानसभा अध्यक्ष ने किया 1.8 करोड़ की लागत की सड़क का भूमिपूजन

### अब भौवार से दुबगवां तक चौड़ी और पक्की सड़क की मिलेगी सुविधा - विधानसभा अध्यक्ष

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**रीवा।** जिले भर में विकास पर्व मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्यों का भूमिपूजन तथा पूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है। इस क्रम में विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने ग्राम भौवार से दुबगवां में नेशनल हाइवे तक 3.2 किलो मीटर लंबाई की सड़क का भूमिपूजन किया। इसका निर्माण मंडी निधि से स्वीकृत 1.8 करोड़ रूपये से किया जा रहा है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में पिछले 5 सालों में विकास के हजारों काम हुए हैं। पूरे क्षेत्र में पक्की सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में विकास की गाथा लिखी गयी है। आज जिस सड़का भूमिपूजन किया जा रहा है। भौवार हरिजन बस्ती के लोग सीधे मुख्यमार्ग तक पहुंच सकेगे। हमने देवतालाब और मनगवां दोनों विधानसभा क्षेत्रों के विकास में कोई कोर कसर नहीं रहने दी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मनगवां में 33 करोड़ रूपये की लागत से फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है। इससे तिवनी चौराहे में दुर्घटना की समस्या समाप्त होगी।



क्षेत्र में 86 करोड़ रूपये की लागत से 8 सड़कों का निर्माण मंजूर हुआ है। देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में 435 करोड़ रूपये की लागत से सड़कों का निर्माण जारी है। मैने गरीबों के कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए पूरा प्रयास किया है। जनता का आशीर्वाद मिलेगा तो मैं निरंतर क्षेत्र का विकास करता रहूंगा। मुख्यमंत्री जी ने महिलाओं के कल्याण के लिए लाडली बहना योजना लागू की है। इससे हर महीने एक हजार रूपये की राशि पात्र महिलाओं को जा रही है। इसे बड़ाकर भविष्य में 3 हजार रूपये किया जा रहा है। इस योजना से एक हजार रूपये देकर महिलाओं का मान बड़ाया गया है। उन्हें अब अपनी छोटी-मोटी जारूरतों के लिए किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। मारोह में स्वागत उद्बोधन देते हुए पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मोहन लाल तिवारी क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। समारोह में विधायक मनगवां डॉ. पंचूलाल प्रजापित तथा जिला पंचायत सदस्य श्री देवेन्द्र शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में श्री सुनील अग्निहोत्री, सरपंच दुबगवां योगेन्द्र दुबे, सरपंच भौवार विश्राम यादव, विधानसभा में अधिकारी रवीन्द्र दुबे, बद्री प्रसाद दुबे मुनिराज कोल, प्रसून द्विवेदी, जगजीवन लाल पयासी, जगजीवन तिवारी, नीरज उर्मलिया, विधानसभा जनसंपर्क सहायक पुष्पेन्द्र गौतम तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# 15 दिवसीय दिव्यांग समानता , संरक्षण और सशक्तिकरण अभियान पहुंचा सिंगरौली

**सिंगरौली।** प्रजापिता प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा पूरे मध्यप्रदेश में 15 दिवसीय दिव्यांग समानता , संरक्षण और सशक्तिकरण अभियान निकाला जा रहा है और कल 29 जुलाई यह अभियान हमारे सिंगरौली जिले मे पहुंचा है इस अभियान का स्वागत एवं प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए नगर की प्रथम नागरिक महापौर रानी अग्रवाल जी उपस्थित हुए अभियान की बस माजन मोड़ नगर निगम कार्यालय पर पहुंची और सभी अभियान के सदस्यों का स्वागत सत्कार किया । महापौर रानी अग्रवाल जी ने अभियान के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी और कहां कि ब्रह्माकुमारीज के निरंतर प्रयास सराहनीय है एवं दिव्यांग सेवा सफलता सिंगरौली में भी हो , दिव्यांग सेवा कार्यक्रम ब्रह्मा




कुमारीज तपोवन परिसर में आयोजित किया गया । वही कार्यक्रम में विशेष रूप से अतिथियों द्वारा दिव्यांग जनों का भी सम्मान किया गया साथ ही दिव्यांगजनों के लिए बेहतर समाज एवं समान व्यवहार करने का प्रण सभी ने लिया , दिव्यांगजनों को राजयोग मेडिटेशन के विषय में भी अवगत कराया गया ब्रह्मा कुमारीज दिव्यांग सेवा टीम के 12 सदस्य सदस्यों का भी अभिनंदन किया गया जिसमें मुख्य समन्वयक बीके दीपेन भाई , बी के सरिता दीदी, बीके शिवानी द्वारा आभियान को सफलतापूर्वक को बढ़ाया गया बीके सरिता बहन ने अभियान के मुख्य लक्ष्य एवं उद्देश्य को सभी को बताया कार्यक्रम के अंत में बीके शोभा दीदी ने सभी दिव्यांगजनों को परमात्मा के आमंत्रण को स्वीकृत करने एवं ऊर्जा से भरपूर होने के सकारात्मक प्रतिज्ञान के विषय में भी बताया ।

# सतना जिले के चित्रकूट के मझगवा में झाड़ियों मिली नवजात शिशु



**पुस्पांजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

**सतना** जिले मैं फिर एक मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है चित्रकूट के मझगवा थाना अंतर्गत बजाज एजेंसी के सामने नवजात शिशु को बोरी में भरकर फेंक दिया गया था मझगवा पुलिस को नवजात बच्ची के मिलने की सूचना मिली सूचना मिलते ही डायल हंड्रेड में मजगामा थाना के आरक्षक राकेश कश्यप पहुंचे नवजात बच्ची को बोरी से निकालकर मझगवा हॉस्पिटल लेकर आए हॉस्पिटल में डॉक्टर एसके वर्मा तत्काल बच्ची का प्राथमिक उपचार किया बच्ची स्वस्थ थी नवजात बच्ची को सतना जिला हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया मझगवा थाना प्रभारी आदित्य सेन बच्ची मिलने की जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया और जांच में जुट गए हैं कि आखिर ऐसा अपराध किसने किया

# बागचीनी पुलिस ने अवैध शराब का जखीरा पकड़ा, आरोपी फरार




**मुरैना।** जिले की बागचीनी थाना पुलिस ने रविवार की सुबह ग्राम से सैंथरी ताल का पुरा खेत में बने एक घर से देशी मसाला अवैध शराब की 20 पेटी एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की है, जबकि आरोपी पुलिस को देख कर भाग निकला। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब के निर्माण एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत बागचीनी थाना प्रभारी डीएस कुशवाह को मुखबिर से सूचना मिली कि सैंथरी ताल का पूरा गांव में खेत में बनी एक घर में अवैध बिक्री के लिए शराब आई हुई है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी तो आरोपी पुलिस को देखकर वहां से भाग निकला। जब पुलिस ने घर के अंदर तलाशी ली तो देशी मसाला शराब की 20 पेटी बरामद हुई, वहीं पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 06 एमटी 1870 को भी जप्त किया है। बरामद शराब एवं बाइक की कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई गई है। बताया जाता है कि फरार आरोपी आस-पास के गांव में अवैध शराब बेचने वालों को एक दो पेटी थोक में दिया करता था। फिलहाल बागचीनी थाना पुलिस ने आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# थाना ताला पुलिस को मिली सफलता हत्या का प्रयास करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

### आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान महोदय डीएसपी सतना के मार्गदर्शन एवं थाना ताला प्रभारी के नेतृत्व में मिली कामयाबी

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**विवेक तिवारी (ब्यूरो रीवा)**

**सतना।-** दिनांक 29.07.2023 को फरियादी प्रसन्न कुमार मिश्रा निवासी भदवा थाना का उपस्थित आकर आरोपी शिवांक उर्फ मंटू तिवारी, रोहित तिवारी एवं कमलाकर पांडे द्वारा हत्या करने की नियत से गोली चला कर बंदूक से फायर करने की रिपोर्ट किया जिसकी रिपोर्ट पर थाना ताला में अपराध क्रमांक 212/23 धारा 294,506,307 34 आईपीसी का पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी रोहित तिवारी एवं कमलाकर पांडे को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल वारंट बनने से आरोपियों को उप जेल मैहर में दाखिल किया गया है आरोपी शिवांक उर्फ मंटू तिवारी घटना दिनांक से फरार है जिसकी तलाश जारी है

**सराहनीय भूमिका-**

**थाना प्रभारी ताला निरी.के.एन. बंजारे, चौकी प्रभारी मुकुन्दपुर स.उ.नि. एस.एस.दीपांकर, स.उ.नि. धीरज भारती, प्र.आर 613 अनिल सिंह, प्र.आ. 442 अजीत सिंह, आर. 1039, 976 की रही।**

# संत शिरोमणि समरसता यात्रा का मनगवां और रायुपर कर्चुलियान में हुआ स्वागत

### मंदिरों के माध्यम से ही देश की सांस्कृतिक सामाजिक एकता बरकरार - सांसद जर्नादन मिश्र

### संत शिरोमणि रविदास जी के संदेशों से देश में शांति कायम होगी - विधायक मनगवां

### संत रविदास जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं - विधायक मनगवां







**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा**

**रीवा।** रीवा जिले में 29 जुलाई तथा 30 जुलाई को संत शिरोमणि रविदास जी समरसता यात्रा में भ्रमण किया। पूरे प्रदेश में 25 जुलाई से 5 समरसता यात्राएं निकाली जा रही हैं इनका समापन 12 अगस्त को सागर में होगा। समरसता रथ यात्रा 30 जुलाई को देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के देवतालाब से आरंभ हुई ग्राम पथरहा में विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने समरसता रथ यात्रा का स्वागत किया तथा संत शिरोमणि की चरण पादुका का पूजन किया। ग्राम पथरहा में विधानसभा अध्यक्ष ने मनगवां विधायक डॉ. पंचूलाल प्रजापति को समरसता रथ यात्रा को कामन सौंपी। मनगवां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टिकुरी, चंदेह, मिश्रिरगवां तथा जरहा होते हुए समरसता रथ यात्रा मनगवां के हरिजन बस्ती वार्ड क्रमांक 9 पहुंची। समरसता रथ यात्रा में मनगवां में जनसंवाद तथा चरण पादुका पूजन और समरसता भोज का आयोजन किया गया। जनसंवाद में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि भक्ति मार्ग का सबसे बड़ा उपदेश है ÷मन चंगा तो कठौती में गंगा÷ अगर मन में श्रद्धा, निर्मलता और पवित्रता है तो जहां चाहिए वहां भगवान मिलेंगे। भारत देश में प्रमुख मान्यता भक्ति मार्ग की रही है और इसी का स्वरूप मंदिर है।मंदिरों के माध्यम से ही देश की सांस्कृतिक सामाजिक एकता बरकरार रही है। आज काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, केदारनाथ धाम में पुनरुद्धार का काम चल रहा है, मध्यप्रदेश सरकार ने के उज्जैन में महाकाल लोक बनाया। इसी कड़ी में संत रविदास जी की स्मृति को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए सागर जिले में सौ करोड़ रुपए से उनके मंदिर परिसर के निर्माण का काम शुरू होने वाला है। इस निर्माण कार्य को अकेले साकार न करे इसमें सबकी सहभागिता रहे, इसलिए गांव गांव की माटी, एक एक कण, एक एक आदमी की श्रद्धा उस मंदिर में समाहित हो इस उद्देश्य से यह समरसता यात्रा निकाली जा रही है। हम सौभाग्यशाली हैं कि मंदिर निर्माण में हमारी भी सहभागिता मानी जाएगी। जनसंवाद में विधायक श्री प्रजापति ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी महराज के संदेशों से देश में शांति कायम होगी। रविदास जी ने जाति पांति का भेद मिटाने और सामाजिक एकता का संदेश दिया। आज हम सबके लिए सौभाग्य का दिन है कि हमें समरसता रथ यात्रा में शामिल होने का अवसर मिला है। इस रथ यात्रा के माध्यम से क्षेत्र की पवित्र नदियों का जल और गांव-गांव से मिट्टी का संकलन किया जा रहा है

## सार समाचार

### फ्रांस ने ब्राजील को 2-1 से हराया

**ब्रिसबेन** । अनुभवी फुटबॉलर यूज्नी ले सोमर और वेंडी रेनार्ड के गोल की मदद से फ्रांस ने शनिवार को यहां महिला विश्व कप के ग्रुप एफ मैच में ब्राजील को 2-1 से हरा दिया। इस जीत से फ्रांस ने ग्रुप एफ में बढ़त हासिल की जिससे उसकी अगले दौर में पहुंचने की उम्मीद जीवंत बनी हुई हैं। फ्रांस ने पहले मैच में ड्रा खेला था। यूज्नी 13वें मिनट में हेडर से गोल करने से चूक गयीं लेकिन 17वें मिनट में अपना 90वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने में सफल रही। उनके शानदार हेडर का ब्राजीली गोलकीपर लेटिसिया के पास भी कोई जवाब नहीं था।

### रिवर प्लेट ने रेसिंग को 2-1 से हराया

**ब्यूनस आयर्स,** । लुकास बेल्ट्रान और पाउलो डियाज के गोलों की मदद से चैंपियन रिवर प्लेट ने अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिवीजन के पहले चरण के अपने अंतिम गेम में 10-मैन रेसिंग क्लब पर 2-1 से घरेलू जीत हासिल की। मोनुमेंटल स्टेडियम में 23वें मिनट में बेल्ट्रान ने पाब्लो सोलारी के क्रॉस के बाद क्लोज-रेंज फिनिश के साथ रिवर को बढ़त दिला दी। हाफ टाइम से ठीक पहले गोंज़ालो पियोवी को लाल कार्ड दिखाया गया और उन्हें बाहर बैठना पड़ा। मेजबान टीम ने71वें मिनट में डियाज़ के गोल के बाद बढ़त बनाई। रिपोर्ट के अनुसार, जोनाथन गोमेज़ ने शुक्रवार को ऊपरी बाएं कोने में लगी स्टॉपेज-टाइम फ्री-किक के माध्यम से अपनी टीम का सांत्वना गोल दिया। इस परिणाम का मतलब है कि रिवर, जिसने इस महीने की शुरुआत में खिताब हासिल किया था, उसने अब 27 मैचों में 61 अंकों के साथ अभियान समाप्त किया, जो दूसरे स्थान पर मोजूद टेलेरेस कॉर्डोबा से 11 अंक आगे है।

### जीव ने सीनियर ओपन के कट में प्रवेश किया

**पोर्थकॉवल** । भारत के जीव मिल्खा सिंह ने तेज हवाओं के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए रॉयल पोर्थकॉवल गोल्फ क्लब पर सीनियर ओपन चेम्पियनशिप के कट में प्रवेश कर लिया। पिछले साल ग्लेनेगल्स में कट में प्रवेश से चूके जीव पहले दौर के बाद चौथे स्थान पर थे लेकिन दूसरे दौर के बाद छह ओवर 77 के स्कोर के साथ संयुक्त 48वें स्थान पर खिसक गए। जीव ने चार बोगी और एक डबल बोगी किया।

### अदिति ने फ्रांस में कट में प्रवेश किया, दीक्षा चूकी

**एवियन ले बेंस** । भारत की अदिति अशोक ने इवन पार 72 का स्कोर करके एमुंडी एवियन गोल्फ चेम्पियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान के साथ कट में प्रवेश कर लिया। अदिति ने पहले दौर में एक ओवर 71 स्कोर किया था। अब उनका सामना कोरिया की एमी यांग से होगा। भारत की ही दीक्षा डागर आखिरी चरण में खराब प्रदर्शन के कारण कट में प्रवेश से चूक गई। आर्डर आफ मेरिट में पांचवें स्थान पर काबिज दीक्षा अगले सप्ताह महिला स्कॉटिश ओपन खेलेंगी।

# लालरेमसियामी ने स्पेन में दिलाई भारत को पहली जीत

## लालरेमसियामी ने 13वें, 17वें और 56वें मिनट में भारत के गोल किये।

**टेरासा** ■ लालरेमसियामी की हैट्रिक के दम पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को स्पेन हॉकी फेडरेशन 100वीं वर्षगांठ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन इंग्लैंड पर 3-0 की जीत दर्ज की। लालरेमसियामी ने 13वें, 17वें और 56वें मिनट में भारत के गोल किये। इंग्लैंड (1-1) और स्पेन (2-2) के खिलाफ एक-एक ड्रॉ खेलने के बाद यह इस टूर्नामेंट में भारत की पहली जीत थी।



भारत ने इस जीत के साथ तीन मैचों में पांच अंक अर्जित कर लिये हैं और वह तालिका में शीर्ष स्थान पर है। इंग्लैंड चार मैचों में चार अंकों के साथ तीसरे जबकि मेजबान स्पेन चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और रविवार को फाइनल में भारत का सामना करेगा।भारत अगर स्पेन को ड्रॉ पर रोक लेता है तो वह 100वीं वर्षगांठ स्पैनिश हॉकी फेडरेशन अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंट का विजेता बन जायेगा। मैच की शुरुआत में भारतीय टीम इंग्लैंड के अर्द्ध में मौके बनाती रही।

इंग्लैंड ने भले ही गेंद पर ज्यादा समय कब्जा रखा, लेकिन भारतीय टीम की आक्रामकता काम आयी और लालरेमसियामी ने 13वें मिनट में फील्ड गोल जमाकर भारत को बढ़त दिला दी। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय बरकरार रखी और 17वें मिनट में लालरेमसियामी के गोल से बढ़त दोगुनी कर ली। दो गोल के अंतर से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने अपनी आक्रामकता में बढ़ोतरी की। भारतीय डिफेंस हालांकि उसके लिये अभेद्य साबित हुआ और भारत हाफ टाइम तक 2-0 से आगे रहा।

सुरक्षित बढ़त लेने के बाद भारतीय टीम ने गेंद को अपने कब्जे में रखने की योजना बनायी। भारत की यह योजना कारगर साबित हुई और गोलरहित तीसरे क्वार्टर में इंग्लैंड को वापसी करने का मौका नहीं मिला। इंग्लैंड के मिडफील्डरों ने कई बार भारतीय रक्षण को भेदकर गोल तक रास्ता भी बनाया, हालांकि इंग्लिश टीम के फॉरवर्ड खिलाड़ी इन मौकों का फायदा उठाकर गेंद को नेट तक नहीं पहुंचा सके। इंग्लैंड ने चौथे क्वार्टर में गोल की तलाश में फॉरवर्ड पंक्ति पर अधिक ध्यान दिया और भारत ने इसका फायदा उठाकर अपनी बढ़त तिगुनी कर ली। मैच खत्म होने में जब सिर्फ चार मिनट बचे थे तब लालरेमसियामी ने अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत को 3-0 की जीत दिलाई।

### एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी की टिकट बिक्री शुरू

हॉकी के बहुप्रतीक्षित आयोजन हीरो एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिये टिकट बिक्री शनिवार को शुरू हो गयी। हॉकी के प्रशंसक और प्रेमी अब यहां मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम के गेट नंबर एक पर सुबह 11.00 बजे से शाम 6.00 बजे के बीच टिकट खरीदकर एशिया की शीर्ष हॉकी टीमों को खिताब के लिये लड़ते हुए देखने के लिये अपनी सीटें सुरक्षित कर सकेंगे। स्टेडियम के कलेगनार सेंटेनरी पवेलियन लेवल एक, ईस्ट स्टैंड और साउथ स्टैंड के लिये टिकट खरीदे जा सकते हैं।

तीन अगस्त से 12 अगस्त तक होने वाली हीरो एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत का सामना कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और चीन से होगा।

टूर्नामेंट प्रारूप के अनुसार, शीर्ष चार टीमों के सेमीफाइनल में जाने से पहले सभी छह टीमें राउंड-रॉबिन चरण में पांच मैच खेलेंगी। भारत टूर्नामेंट का अपना पहला मैच तीन अगस्त को चीन के खिलाफ खेलेगा। भारतीय टीम का दूसरा मैच चार अगस्त को जापान से होगा, जबकि एक दिन आराम करने के बाद भारत छह अगस्त को मलेशिया से भिड़ेगा।

सात अगस्त को भारत-कोरिया आमने-सामने होंगे, जबकि लीग चरण में भारत का आखिरी मैच नौ अगस्त को चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से होगा।

# लक्ष्य हारे, जापान ओपन में भारतीय अभियान खत्म

**टोक्यो** ■ भारत के युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन शनिवार को यहां इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त जॉनाथन क्रिस्टी से सेमीफाइनल में तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मैच में हार कर जापान ओपन सुपर 750 बेडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी की और अपने प्रतिद्वंदवी को दबाव में रखा लेकिन आखिर में वह विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी और एशियाई खेलों के चैंपियन क्रिस्टी से 15-2, 21-13, 16-21 से हार गए। यह मैच एक घंटे और छह मिनट तक चला।



अल्मोड़ा के रहने वाले 21 वर्षीय सेन के बाहर होने से भारत की जापान ओपन में चुनौती भी समाप्त हो गई। सेन ने इस महीने के शुरू में कनाडा ओपन सुपर 500 का खिताब जीता था।

इस मैच से पहले इन दोनों का आपस में रिकॉर्ड 1-1 से बराबर था। सेन को कोर्ट पर अपनी गति के लिए जाना जाता है जबकि क्रिस्टी के शॉट दमदार होते हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने इस रोमांचक मुकाबले में अपने कौशल का खुलकर प्रदर्शन किया।

इंडोनेशिया के खिलाड़ी ने हालांकि शुरू में गलतियां की जिनका फायदा उठाकर सेन ने 7-4 से बढ़त हासिल कर ली। भारत के खिलाड़ी ने इसके बाद कुछ गलतियां की जिससे क्रिस्टी ने स्कोर बराबर कर दिया।

सेन ने दो करारे स्मैश लगाकर इंटरवल तक दो अंक की बढ़त हासिल कर ली। क्रिस्टी ने हालांकि इसके बाद अच्छा खेल दिखाया तथा 32 शॉट की रैली जीतकर 15-12 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और पहला गेम अपने नाम किया।

भारतीय खिलाड़ी को अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत थी तथा दूसरे गेम में शुरू में कड़े संघर्ष के बाद उन्होंने लय हासिल कर ली।

सेन ने कुछ शानदार स्मैश और ड्रॉप शॉट के दम पर दूसरे गेम में इंटरवल तक 11-5 की मजबूत बढ़त बना ली थी। उन्होंने इसके बाद भी अच्छा खेल दिखाया तथा सात गेम प्वाइंट हासिल किए। क्रिस्टी का शॉट बाहर जाने से उन्होंने यह गेम जीत कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।

निर्णायक गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला लेकिन वह क्रिस्टी थे जिन्होंने खेल पर नियंत्रण रखा और 9-6 से शुरुआती बढ़त बनाई। इंडोनेशिया का खिलाड़ी दो शानदार रिटर्न के दम पर इंटरवल तक चार अंक आगे था।

सेन ने इसके बाद अपना सब कुछ झोंक दिया तथा एक समय स्कोर 13-17 था। क्रिस्टी ने सटीक स्मैश से स्कोर 19-15 किया तथा इसके बाद पांच मैच प्वाइंट हासिल किए। सेन ने एक मैच प्वाइंट बचाया लेकिन इसके बाद उनका शॉट नेट पर टकरा गया जिससे क्रिस्टी फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे।

# बाल तस्करी रोकथाम दिवस पर हुआ आयोजन




**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** 30 जुलाई 2023 को संकल्प समाज सेवी संस्थान दमोह के द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन की मदद से बाल तस्करी रोकथाम दिवस( स्टॉप चाइल्ड ट्रैफिकिंग डे ) के दिन दमोह जिले के हटा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सकोर मैं एक बड़ा आयोजन रखा गया जिसमें हमारे मुख्य अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति से दीपमाला सैनी और ग्राम के सरपंच, जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे और महिला पुरषों को बाल तस्करी के बारे में जानकारी प्रदान की और बाल तस्करी से हो रही समस्याओं से रूबरू कराया। इस दौरान कार्यक्रम में काउंसलर शिवम सोनी, संदीप शर्मा, पूनम चौरसिया, रुबिया सुल्ताना, लाखन सिंह राजपूत ,धुरुब सिंह चंदेल सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राम वासियों कि उपस्थिति रही।

# पुलिस थाना खनियाधाना ने नाबालिग बालिका को गुम होने के चार दिन मे किया दस्तयाब

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा गुम नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी हेतु अभियान चलाकर दस्तयावी करने के निर्देश दिये गये हैं । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा बिना बताये गुम हुयी नाबालिक बालिका को गुम होने के चार दिने के भीतर दस्तयाव किया है ।

दिनांक 24.07.20232 को फरियादी महेश पुत्र श्री पूनम चन्द्र सैन उम्र 45 साल निवासी किले के पीछे खनियाधाना ने अपनी पुत्री कल्पना सैन ( बदला हुआ नाम) उम्र 15 साल को अभिषेक लोधी निवासी कछौआ थाना पिछोर के द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने की रिपोर्ट की थी रिपोर्ट पर से थाना खनियाधाना मे अपराध धारा 363 ताहि. का कायम कर जांच मे लिया गया । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा अपहृत बालिका को अतिशीघ्र दस्तयाब करने हेतु आदेशित किया गया था । उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री प्रशांत के मार्गदर्शन में आपरेशन मुस्कान के तहत उनि अरबिंद सिंह चौहान थाना प्रभारी थाना खनियाधाना द्वारा टीम गठित कर घटना दिनांक से ही अपहृत बालिका की पतारसी की जा रही थी, आज दिनांक 28.07.2023 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रेड्डी चौराहा खनियाधाना पर एक लड़की काफी देर से कहीं जाने के लिये खडी है, सूचना पर से उनि अरबिंद सिंह चौहान, सउनि प्रकाश कौरव, आर. 671 रवि वाथम, म.आर. 572 विशाखा शिंदे मय फरियादी महेश सैन के मुखबिर के बताये पते पर पहुंचे तो अपहृता की हुलिया की एक लडकी खडी दिखी जिसे फरियादी महेश सैन ने पहचान लिया, अपहृत बालिका को रेड्डी चौराहा पर दस्तयाब किया गया

उक्त कार्यवाही मे उनि अरबिंद सिंह चौहान, सउनि प्रकाश कौरव, आर. 671 रवि वाथम, म.आर. 572 विशाखा शिंदे की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया आज शिवपुरी में



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपुरी, खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 31 जुलाई को शिवपुरी आएंगी।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया 31 जुलाई को ग्वालियर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे शिवपुरी आएंगी और विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगी। अपराहन 3 बजे स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। सायं 5 बजे शिवपुरी से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी।

# गोहद के निर्देशन में प्रेम तरु पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

सत्य साईं सेवा समिति जिला ग्वालियर के सेवा प्रभारी जे पी अग्रवाल ने बताया की प्रांत स्तरीय मीटिंग में निर्णय लिया गया है, कि इस वर्ष जिला ग्वालियर-भिंड जिले में 500 से से अधिक प्रेम तरु अर्थात पौधे रोपित किए जाएंगे इसके साथ ही पूरे प्रदेश में इस वर्ष लगभग 45,000 पौधे सत्य साईं सेवा संगठन मध्य प्रदेश द्वारा रोपित किए जाने का संकल्प लिया गया। है। पौधा रोपण कार्य पूरे प्रदेश में निरंतर चल रहा है। साथ ही पौधारोपण के साथ यह भी साई भक्तो द्वारा संकल्प लिया जा रहा है, कि पौधो की देखभाल, सुरक्षा रखी जाए व पौधे बड़े होकर लोगों को छाया, ऑक्सीजन, फल, फूल, लकड़ी जैसी आवश्यक सामग्री निः शुल्क मिल सके। व वायुमंडल में ऑक्सीजन की मात्रा अधिक से अधिक रहे जो कि हमारे जीवन के लिए प्राण वायु है। केदार कौशल संचालक ह्य ह्ल ह्न गोहद चौराह ने भी प्रेम तरु रोपित किए जाने का महत्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा, कि हम पौधे लाकर उनको भूल नहीं जाए बल्कि उनकी देखभाल अपने बच्चों की तरह करें जिससे आसपास का वातावरण शुद्ध हो सकेगा व में निरंतर ऑक्सीजन मिलने के साथ-साथ विषेली गैशे वातावरण को प्रदूषित नहीं कर पाएंगी । मुक्तिधाम में आने पर हर तरह के पेड़ पौधे देखकर प्रसन्नता हुई। मुक्तिधाम सुंदर रमणीक दिखने पर प्रशंसा भी की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि हम आज के लगाए हुए पौधों की समय-समय पर अपने बच्चो की तरह देखभाल करते रहें। मुक्तिधाम के लिए जो भी सहयोग आवश्यक होगा उसको जरूर पूरा करेंगे। वा एक कटिंग मशीन के सहयोग के लिए भी कहा।। पौधारोपण में प्रमुख रूप से जितेंद्र सिंह, रामवीर कुशवाह ,शिवम शर्मा, घनश्याम नागर सेवा निवृत्त पुलिस एस आई, दीपक प्रजापति नेकराम, दीपक बाल्मिक सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित थे।



# पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी जिला की मोबाइल पार्टी ने आत्महत्या करने जा रही महिला को बचाया





**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर** कस्बा में मोहर्रम का त्यौहार मनाया जा रहा था इस कारण मोबाइल पार्टी में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, आरक्षक जितेंद्र गुर्जर ,नगर रक्षा समिति सदस्य नरेंद्र लोधी सतर्कता से कस्बा पिछोर का गस्त कर रहे थे तभी रात करीब 10 बजे नागरिक सहकारी बैंक के तिराहे पर झाड़ियों के पास एक महिला परेशान हालत में मिली जिससे पुलिस पार्टी ने पूछताछ की तो उसने बताया कि घर में झगड़ा हो गया है अब मुझे घर नहीं जाना है और आत्महत्या करने जा रही हूँ जिसे पुलिस थाना पिछोर की मोबाइल पार्टी उसे समझा-बुझाकर उसके घर पर ले गए ।उसके पति व उसके बच्चों को समझाया कि आपस में झगड़ा ना करें शांति पूर्वक रहें। महिला सोनम बंशकार निवासी बरबट पुरा को उसके पति बल्लू बंशकार व उसके परिवार जन को सुपुर्द की उसके पति ,पुत्र व बहुओं ने भी कहा कि हम आपस में झगड़ा नहीं करेंगे। इस प्रकार पुलिस थाना पिछोर की मोबाइल पार्टी ने एक महिला को आत्महत्या करने से रोक कर उसके घर वालों के पास पहुंचाया ।

# मोहनलाल ने किया इंटेंस वर्कआउट



दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार मोहनलाल ने इंटेंस वर्कआउट किया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मोहनलाल फिटनेस के मामले में काफी सजग रहते हैं। मोहनलाल ने अपना एक वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह इंटेंस वर्कआउट करते हुए नजर आ रहे हैं। मोहनलाल इस वीडियो में अपने जिम ट्रेनर के साथ एक्सरसाइज करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वह बड़ी ही आसानी से 100 किलो का वजन उठाते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को मोहनलाल के फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं और उनके डेडिकेशन की खूब प्रंशसा कर रहे हैं। मोहनलाल जल्द ही रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' में केमियो रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 10 अगस्त को रिलीज हो रही है। इसके अलावा वह फिल्म वृषभ में भी नजर आएंगे।

# 'मल्लखंब' परफॉर्मेंस से बादशाह हुए इंप्रेस



सालों के संघर्ष से छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ जिले के खिलाड़ियों ने 'मल्लखंब' की प्राचीन कला में महारत हासिल किया। अब वे 'इंडियाज गॉट टैलेंट' सीजन 10 में इस प्राचीन खेल के अपने असाधारण प्रदर्शन से दर्शकों को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार हैं। उनके एक्ट से प्रभावित होकर, जज बादशाह ने कहा,मैंने पिछले सीजन में पहली बार मल्लखंब को लाइव देखा और अब, मैं आपके समूह के साथ फिर से जादू का अनुभव कर रहा हूं। मेरा मानना है कि अबूझमाड़ जिले का योगदान देश के भविष्य के लिए अहम है। रैपर ने आगे कहा कि यह शो उनकी प्रतिभा को उड़ान भरने के लिए पंख देगा और उन्हें अपनी कला के लिए वैश्विक पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा,मैं आपकी प्रतिभा से आश्चर्यचकित हूं और जिस आत्मविश्वास के साथ समूह ने मल्लखंब का प्रदर्शन किया वह उत्कृष्ट है। 'मल्लखंब' भारतीय उपमहाद्वीप से शुरू हुआ एक पारंपरिक खेल है। इसके अलावा, बादशाह ने उनके गांव को एक टीवी सेट गिफ्ट में देने का भी वादा किया, ताकि सभी ग्रामीण अपनी प्रिय टीम को स्क्रीन पर देख सकें और प्रेरित हो सकें। इतना ही नहीं, ग्रुप बादशाह को 'गौर मुकुट' से सम्मानित भी करेंगे। 'विजयी विश्व हुनर हमारा' की भावना को प्रतिबिंबित करते हुए, यह शो 'हुनर' पर प्रकाश डालेगा, और असाधारण कलाकार इस प्रतिष्ठित मंच पर अपनी अनूठी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# भारत-पाक के बीच 'नफरत' का कारण है सियासी खेल: सनी देओल



बॉलीवुड स्टार और पंजाब के गुरदासपुर से भाजपा सांसद सनी देओल ने भारत और पाकिस्तान के बीच 'नफरत' के लिए सियासी खेल को जिम्मेदार ठहराया है। अभिनेता ने कारगिल दिवस पर 'गदर 2' के भव्य ट्रेलर लॉन्च के दौरान यह टिप्पणी की। इस मौके पर फिल्म निर्माता अनिल शर्मा, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा भी मौजूद थे। सनी ने कहा, कुछ ले जाने या लेने-देने की बात नहीं होती है। बात होती है इंसानियत की। झगड़े नहीं होने चाहिए। दोनों तरफ उतना ही प्यार है, ये सियासी खेल होता है जो सब नफ़रत पैदा करता है। और वो ही आप देखेंगे इस फिल्म में भी।

जनता नहीं चाहती कि एक दूसरे के साथ हम झगड़ा करें। आखिर हैं तो सब इस ही मिट्टी से। 'गदर 2' गदरः एक प्रेम कथा' की अगली कड़ी है, जो 2001 में रिलीज़ हुई थी। यह अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित और 1947 में भारत के विभाजन के दौरान सेट की गई भारतीय हिंदी भाषा की रोमांटिक पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म है। बूटा सिंह के जीवन पर आधारित इस फिल्म में सनी देओल, अमीषा पटेल, अमरीश पुरी और लिलेट दुबे हैं। 2001 में, अमीषा को 500 लड़कियों की ऑडिशन के बाद सकीना की भूमिका मिली थी। 'गदर 2' में तारा सिंह को भारत विरोधी क्रश इंडिया अभियान के बीच अपने बेटे चरणजीत को वापस लाने के लिए लाहौर, पाकिस्तान लौटते हुए दिखाया जाएगा। अनिल और ज़ी स्टूडियो द्वारा सह-निर्मित, 'गदर 2' 11 अगस्त को रिलीज़ होगी।



# 'रॉकी और रानी..' पर कंगना ने दी प्रतिक्रिया

एक्ट्रेस-फिल्ममेकर कंगना रनौत ने आलिया भट्ट और रणवीर सिंह स्टारर लेटेस्ट रिलीज 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की आलोचना की है। एक्ट्रेस ने इसे 'बकवास' बताया और कहा कि नब्बे के दशक की अपनी ही फिल्मों की नकल करने के लिए फिल्म निर्माता करण जौहर को शर्म आनी चाहिए। कंगना ने इंस्टाग्राम का सहारा लिया, जहां उन्होंने पहली बार 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की तुलना पिछले हफ्ते हॉलीवुड रिलीज क्रिस्टोफर नोलन की 'ओपेनहाइमर' से की।

उन्होंने कहा कि 'नेपो गैंग' ने करण जौहर की तरफ इशारा किया है, जिसे उन्होंने 'कॉफी विद करण' के एक एपिसोड में 'भाई-भतीजावाद का ध्वजवाहक' कहा था, जिसे उन्होंने 'सास बहू का रोना' बना दिया है।

कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम कहानियों पर लिखाः इंडियन ऑडियन्स परमाणु हथियार की उत्पत्ति और परमाणु विज्ञान को देख रहे और यहां नेपो गैंग का वही सास बहू का रोना पर 3 घंटे लंबी फिल्म बन रही है, लेकिन उन्हें एक डेली सोप बनाने के लिए 250 करोड़ की क्या जरुरत है?

दोबारा ऐसा करने के लिए करण जौहर को शर्म आनी चाहिए। अपने आप को भारतीय सिनेमा का रक्षक कहना और इसे लगातार पीछे ले जाना, पैसे बर्बाद न करें, यह इंडस्ट्री के लिए आसान समय नहीं है, अब रिटायर हो जाएं और यंग फिल्ममेकर्स को नई और क्रांतिकारी फिल्में बनाने दें। इसके बाद उन्होंने कहा कि दर्शकों को अब बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। एक्ट्रेस ने एक्टर रणवीर सिंह को भी सलाह दी।

रणवीर सिंह को मेरी सच्ची सलाह है कि उन्हें करण जोहर और उनके ड्रेसिंग सेंस से इम्प्रेस होना बंद कर देना चाहिए... उन्हें एक नॉर्मल इंसान की तरह कपड़े पहनने चाहिए, जैसे धर्मेंद्र या विनोद खन्ना जी अपने दिनों के भारतीय लोगों की तरह कपड़े पहनते थे। कृपया सभी साउथ के हीरोज को देखें कि वे कैसे कपड़े पहनते हैं और खुद को बड़ी गरिमा के साथ रखते हैं। वे मर्दाना और प्रतिष्ठित दिखते हैं। वे लोग हमारे देश में संस्कृति को बर्बाद नहीं करते हैं।

# नुसरत भरूचा की फिल्म अकेली का टीजर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा की आने वाली फिल्म अकेली का टीजर रिलीज हो गया है। प्रणय मेश्राम के निर्देशन में बनी फिल्म 'अकेली' एक साधारण सी लड़की की कहानी है। वह ट्रक में कई लड़कियों के साथ एक अनजान जगह पर आ गई है। यह क्राइम और अंधकार से भरी दुनिया है, जहां खोफ के अलावा कुछ नहीं है।इस फिल्म में नुसरत के साथ निशांत दहिया भी नजर आएंगे। फिल्म अकेली 18 अगस्त को रिलीज होगी

# 64 साल के हुए संजय दत्त, रोमांटिक फिल्मों से की थी करियर की शुरुआत


बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता संजय दत्त आज 64 वर्ष के हो गये। 29 जुलाई 1959 को मुंबई में जन्में संजय दत्त को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता सुनील दत्त अभिनेता और मां नरगिस जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री थी। घर में फिल्मी माहोल रहने के कारण संजय दत्त अक्सर अपनी माता-पिता के साथ शूटिंग देखने जाया करते थे। इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेता बनने के ख्वाब देखने लगे।संजय दत्त ने बतौर बाल कलाकार अपने सिने करियर की शुरूआत अपने पिता के बैनर तले बनी फिल्म रेशमा और शेरा से की।

बतौर अभिनेता उन्होंने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1981 में प्रदर्शित फिल्म रॉकी से की। दमदार निर्देशन पटकथा और गीत-संगीत के कारण फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी। वर्ष 1982 मे संजय दत्त को निर्माता -निर्देशक सुभाष घई की फिल्म विधाता में काम करने का अवसर मिला।

यूं तो पूरी फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार, संजीव कुमार और शम्मी कपूर जैसे नामचीन अभिनेताओं के इर्द गिर्द घूमती थी लेकिन संजय दत्त ने फिल्म में अपनी छोटी सी भूमिका में दर्शकों का दिल जीत लिया। वर्ष 1982 से 1986 तक का वक्त संजय दत्त के सिने केरियर के लिये बुरा साबित हुआ। इस दौरान उनकी जानी आइ लव यू, मै आवारा हूं , बेकरार, मेरा फैसला, जमीन आसमान , दो दिलो की दास्तान, मेरा हक और जीवा जैसी कई फिल्में बॉक्स आफिस पर असफल हो गयी। हालांकि, वर्ष 1985 में प्रदर्शित फिल्म जान की बाजी टिकट खिड़की पर औसत कारोबार करने में सफल रही।

संजय दत्त की किस्मत का सितारा वर्ष 1986 में प्रदर्शित फिल्म नाम से चमका। यूं तो यह फिल्म राजेन्द्र कुमार ने अपने पुत्र कुमार गौरव को फिल्म इडस्ट्री में दोबारा स्थापित करने के लिये बनायी थी। लेकिन फिल्म में संजय दत्त की भूमिका को दर्शकों द्वारा ज्यादा पसंद किया गया। फिल्म की सफलता के साथ ही संजय दत्त एक बार फिर से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खोई हुयी पहचान बनाने में कामयाब हो गये। फिल्म नाम की सफलता के बाद संजय दत्त की छवि एंग्री यंग मेन स्टार के रूप में बन गयी।

इस फिल्म के बाद निर्माता-निर्देशकों ने अधिकतर फिल्मों में संजय दत्त की इसी छवि को भुनाया।इन फिल्मों में जीते है शान से, खतरो के खिलाड़ी, ताकतवर, हथियार, इलाका, जहरीले, क्रोध और खतरनाक जैसी फिल्में शामिल है। वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म सड़क संजय दत्त के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त के अभिनय में एक्शन के साथ ही रोमांस का अनूठा संगम देखने को मिला।



वर्ष 1991 में ही प्रदर्शित फिल्म साजन संजय दत्त के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। लारेंस डिसूजा के निर्देशन में बनी संगीतमय इस फिल्म में संजय दत्त के अभिनय का नया रूप देखने को मिला। इस फिल्म में निर्देशक ने उनकी मारधाड़ वाली छवि को छोड़ उन्हें एक नये अंदाज में पेश किया। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के कारण वह अपने सिने करियर में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिये नामांकित हुये।

वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म खलनायक संजय दत्त के सिने करियर की सुपरहिट फिल्मों में शुमार की जाती है। फिल्म में संजय दत्त का यह किरदार पूरी तरह ग्रे शेडस लिये हुये था बावजूद इसके वह दर्शको की सहानुभूति पाने में कामयाब हुये और अपने दमदार अभिनय से फिल्म को सुपरहिट बना दिया। वर्ष 1993 संजय दत्त के व्यक्तिगत जीवन में काला वर्ष साबित हुआ।मुंबई बम विस्फोट में नाम आने की वजह से उन्हें जेल तक जाना पड़ा।वर्ष 1993 से 1999 तक संजय दत्त की कुछ फिल्में प्रदर्शित हुयी जो टिकट खिड़की पर खास कमाल नही दिखा सकी।

वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म वास्तव संजय दत्त के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये संजय दत्त अपने सिने करियर में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किये गये। वर्ष 1999 में संजय दत्त के सिने करियर की एक और सुपरहिट फिल्म हसीना मान जायेगी प्रदर्शित हुयी। डेविड धवन निर्देशित इस फिल्म में संजय दत्त के अभिनय का नया रंग देखने को मिला।इस फिल्म से पहले उनके बारे में यह धारणा थी कि वह केवल संजीदा या मारधाड़ वाली भूमिकाएं निभाने में ही सक्षम है लेकिन इस फिल्म में उन्होंने गोविन्दा के साथ जोड़ी जमाकर अपने जबरदस्त हास्य अभिनय से दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म मुन्ना भाई एम.बी बी.एस संजय दत्त के सिने करियर की सर्वाधिक सुपरहिट फिल्मों में शुमार की जाती है। फिल्म में संजय दत्त और अरशद वारसी की जोड़ी ने जबरदस्त धमाल मचाकर सिने प्रेमियों को रोमांचित कर दिया। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये संजय दत्त सर्वश्रेष्ठ हास्य कलाकार के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किये गये । वर्ष 2006 में फिल्म की सफलता को देखते हुये इसका सीक्वल लगे रहो मुन्ना भाई बनाया गया जिसे टिकट खिड़की पर जबरदस्त सफलता मिली।

संजय दत्त के सिने करियर में उनकी जोड़ी अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के साथ काफी पसंद की गयी। संजय दत्त ने कई फिल्मों में अपने पार्श्वगायन से भी श्रोताओं को दीवाना बनाया है। संजय ने तीन शादियां की है। संजय दत्त ने रिया पिल्लई, रिचा शर्मा और मान्यता दत्त के साथ शादी की। संजय दत्त ने अपने सिने करियर में अबतक लगभग 200 फिल्मों में अभिनय किया है। संजय दत्त बॉलीवुड के साथ ही दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी अपने अभिनय का जौहर दिखा रहे हैं।

# गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**ग्वालियर।** गवर्नमेंट पेंशनर्स एसोसिएशन की प्रांत अध्यक्ष श्री रविंद्र त्रिपाठी एवं उनकी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 29 जुलाई 2023 आनंद होटल जनक गंज ग्वालियर में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय डॉ सतीश सिकरवार विधायक पूर्व विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर एवं माननीय श्रीमती शोभा सिकरवार महापौर नगर निगम ग्वालियर द्वारा श्री मोहन सिंह कुशवाह म प्र कांग्रेश पूर्व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ भिंड के जिला अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया श्री कुशवाहा को बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से श्री रविंद्र त्रिपाठी प्रांत अध्यक्ष गवर्नमेंट पेंशनर एसोसिएशन श्री रणवीर सिंह सिकरवार प्रदेश महामंत्री स्वास्थ्य कर्मचारी संघ एवं कर्मचारी संयुक्तमोर्चा के अध्यक्ष भंवर सिंह जादौन आरपी शर्मा नंदकिशोर गोस्वामी सरनाम सिंह जादौन योगेंद्र सिंह भदोरिया ओपी अजमेरिया डॉक्टरप्रीतम सिंह कुशवाह होम सिंह नरवरियाआदि उपस्थित थे




सोहागी थाना पुलिस के लिए चुनौती बनी चोरों की मंडली

# तहसील मुख्यालय पचामा में संचालित पांच दुकानों पर बीती देर रात चोरों ने एक साथ चटकाया ताला नगदी सहित हजारों के सामान किए पार



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा**
**रीवा।** इन दिनों त्योंथर नगर में चोरों के हौसले बुलंद हैं बीती देर रात त्योंथर के तहसील मुख्यालय पचामा में बंगले से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित पांच दुकानों पर अज्ञात चोरों ने चोरी की बारदात को अंजाम दिया, जिसमें होटल का ताला तोड़कर गल्ले में रखे 6500 नगदी व लगभग चालीस हजार का सामान व बगल में ही संचालित किराना दुकान से 2500 नगदी सहित लगभग 25000 का किराना का सामान चोरों ने पार कर दिया है एक रात में पांच दुकानों में हुई चोरी की बारदात से व्यापारियों में दहशत का माहौल है,कुछ दिन पूर्व ही त्योंथर के वार्ड क्रमांक 4 में चोरों द्वारा चोरी की बड़ी बारदात को अंजाम दिया था, व्यापारियों द्वारा सोहागी थाना में चोरी की घटनाओं की शिकायत दर्ज कराई गई है,अब देखना होगा कि चोरों के हौसले कब तक बुलंद रहते है





# जनता त्रस्त जिमेदार मस्त के शासन की योजनाओं का पलीता लगा रहे है ग्राम पंचायत सचिव

## पंचायत के निर्माण कार्य में जमकर की जा रही है लीपापोती,नदारद रहते हैं सचिव जिम्मेदार हुई है बेखबर

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा)**
**रीवा-** एक और मध्यप्रदेश के तरह सरकार के द्वारा कई तरह की योजनाएं हितग्राहियों एवं जनता के लिए संचालित कर रही है लेकिन कुछ जिम्मेदार सरकार की छवि को धूमिल करने के लिए तुले हुए हैं एक ऐसा ही मामला सामने आया है रीवा जिले के हनुमाना जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत नाऊन कला का मामला सामने आया है। जहां ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है कि ग्राम पंचायत के सचिव नदारद रहते हैं वहीं ज्यादातर मुख्यालय जनपद मुख्यालय में ही रहता है।अगर ग्राम पंचायत के सचिव का मोबाइल लोकेशन देखा जाए तो ज्यादातर दिन जनपद मुख्यालय ही मिलेगा वहीं शासन की अति महत्वपूर्ण योजनाओं का पलीता पूरी तरह से ग्राम पंचायत नाऊन कला के सचिव वही जनपद के जिम्मेदार की सांठगांठ के कारण जनपद मुख्यालय में ही यह गुर्दे घूमते रहते हैं।वही सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में पूरी तरह से ध्वस्त करने में जुटे हुए हैं।वहीं जिला प्रशासन सहित शासन प्रशासन की छवि पूरी तरह से धूमिल कर रहे हैं वहीं ग्रामीणों के द्वारा मांग की गई है कि ग्राम पंचायत के सचिव पर कार्यवाही की मांग भी की गई है।जहां ग्रामीणों के द्वारा भी आरोप लगाया गया है कि पंचायत सचिव के द्वारा घटिया निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है।अब यह देखना होगा कि ग्राम पंचायत सचिव पर कोई नोटिस कार्यवाही की जाती है कि यूं ही लापरवाही सचिव करते रहेंगे। आज की जाए तो जिले के जनपद के अंतिम छोर में ग्राम पंचायत नाऊन कला एवं प्रतापगन्ज होने के कारण एवं पिछड़े क्षेत्र में होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र की भोली-भाली जनता को पूरी तरह से गुमराह एवं परेशान कर रहे हैं पंचायत सचिव जहां पंचायत में ना मिलने के कारण इधर से उधर पूरी तरह से भटक रहे हैं। पंचायत सचिव कि लापरवाही के कारण ग्रामीण जनता को लाभ नही मिल पा रहा है

# जलाभिषेक करने लगातार उमड रहा श्रद्धालुओं का जनसैलाब



**,पुस्पांजली टुडे**
**कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**
**बिरसिंहपुर।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर जिले के गैवीनाथ धाम बिरसिंहपुर में आयोजित मेले में शिव जलाभिषेक करने लगातार उमड रहा श्रद्धालुओं का जनसैलाब,आज रविवार को पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच लगातार श्रद्धालु लगातार कर रहे शिव जलाभिषेक, अब तक पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने शिव जलाभिषेक करके पूजा अर्चना। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा समेत दर्जनों पुलिसकर्मी हैं तैनात

# लंका तिराहा पर यात्रियों के साथ गाली गुप्तार एवम मारपीट करने को अमादा,उपद्रवी होटल कर्मचारियो को किया गया गिरफ्तार,की गयी कार्यवाही







**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**
**थाना चित्रकूट जिला सतना (म.प्र.)**थाना क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था कामय रखने एवम अपराध की रोकथाम हेतु श्री मान पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन एवम श्री आशीष कुमार जैन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चित्रकूट जिला सतना (म.प्र.) के मार्गदर्शन एवम थाना चित्रकूट प्रभारी श्री उपनिरीक्षक अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व मे सउनि रामयश वर्मा द्वारा थाना स्टाफ के साथ दौरान कस्बा भ्रमण सूचना से जानकारी मिली कि त्रिपाठी लाज के सामने पटेल भोजनालय के कर्मचारि?ो के द्वारा चित्रकूट मे आये यात्रियो के साथ गाली गुप्तार एव मारपीट करने मे आमादा है । जो अप्रिय घटना घटित कर शान्ति व्यवस्था भंग कर सकता है । त्वरित कार्यवाही करते हुये मय दल बल के त्रिपाठी लाँज के सामने पहुंचे । मारपीट करने को आमादा पटेल भोजनालय के कर्मचारियो को कोई अप्रिय घटना घटित करने से पूर्व धारा 151,107,116(3) जा.फौ. के तहत गिरफ्तार कर इस्तगासा तैयार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है ।
गिरफ्तार आरोपीगण ङ्क 1.सन्तोष कुमार उर्फ कल्लू मिश्रा पिता बाला प्रसाद मिश्रा उम्र 28 वर्ष निवासी सौता सेहुड़ा थाना गिरवां जिला बांदा उ.प्र. हाल त्रिपाठी भोजनालय चित्रकूट थाना चित्रकूट जिला सतना म.प्र.
(2) अनूप पटेल पिता गणेश प्रसाद पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी भदेहदू थाना बबेरू जिला बांदा उ.प्र.हाल
पटेल भोजनालय थाना चित्रकूट जिला सतना म.प्र.
(3), शैलेन्द्र पटेल पिता राजेश पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी भदेहदू थाना बबेरू जिला बांदा उ.प्र, हाल
पटेल भोजनालय थाना चित्रकूट जिला सतना म.प्र.
उपनिरी.अभिषेक पाण्डेय थाना प्रभारी चित्रकूट ,सउनि रामयश वर्मा ,आर 894 गणेश विश्वकर्मा , प्र.आर. 541 तीरथ प्रसाद ,आर 391 संन्तोष कुमार, आर 326 दीपक मिश्रा , आर 978 विनोद द्विवेदी ,आर 312 संतोष,

# एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान, पर्यावरण बचाना हमारी जिम्मेदारी : अग्रवाल



**मुरैना।** अंधाधुंध हो रही पेड़ों की कटाई से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने की आवश्यकता है, जिससे हमें शुद्ध पर्यावरण एवं ऑक्सीजन मिल सके। यह बात रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर लायंस क्लब मयूरवन के अध्यक्ष अविनाश अग्रवाल ने कही। इस दौरान डेढ़ सैकड़ा पौधरोपण कर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी मयूरवन के सभी सदस्यों ने ली।लायंस क्लब मयूरवन मुरैना द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत रविवार को डोमपुरा स्थित राकेश गुप्ता के फार्म हाउस पर सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने पहुंचकर डेढ़ सौ पौधों का रोपण किया। जिसमें छायादार वृक्षों के साथ-साथ फलदार वृक्ष जैसे चीकू, संतरा, मोसम्मी, नींबू, करौंदा, अमरूद, पपीता, टमाटर, मिर्ची आदि के पेड़ शामिल थे। गौरतलब है कि लायंस क्लब मुरैना लगातार समाज सेवा के कार्यक्रम में अग्रसर है तथा आमजन को लाभ मिले, ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर करता है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में अध्यक्ष अविनाश अग्रवाल के अलावा संजीव वर्मा, संजीव जिंदल, श्याम, मनोज, श्याम बंसल, मनोज गोयल, विशाल गोयल, नितिन सिंघल, ललित गोयल, रोहित गोलाश, गौरव गुप्ता, रिंकू बंसल, जनार्दन शर्मा, राकेश गुप्ता, राहुल महेश्वरी, राजेश आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारियों औचक निरीक्षण करने अपर आयुक्त महोदय मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल पहुँचे गोहद

दैनिक पुष्पांजली टुडे

## गोहद स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारियों का औचक निरीक्षण करने

## अपर आयुक्त महोदय मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल गोहद नगर पालिका पहुँचे ।



इस दौरान दौरान उन्होंने 2023 की तैयारियों को देखा उन्होंने 3ह्र पार्क सार्वजनिक शौचालय एम आर एफ एफ एस टी पी और कंपोस्ट प्लांट का भी निरीक्षण किया है। जिसमें निकाय की तैयारियां बारीकी से देखी है। निकाय का 3ह्र पार्क एवं नेकी की दीवार सार्वजनिक शौचालय एवं प्लांट को संचालित व्यवस्था में देखकर अपर आयुक्त महोदय ने निकाय के कर्मचारियों को धन्यबाद दिया। चम्बल संभाग में गोहद नगर पालिका की तैयारियों को सबसे श्रेष्ठ बताया और कहा संभाग की अन्य निकायो को गोहद नगर पालिका के प्लांट 3क्र पार्क एवं सार्वजनिक शौचालय देखने चाहिये कि तैयारियां कैसे की जाती है। निरीक्षण के दौरान नगर के आम नागरिकों से उन्होंने नगर में स्वच्छता के संबंध में फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के समय संभागीय क्क्ष्ठ सुमित सिंह पालिका परिषद गोहद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेंद्र शर्मा स्वच्छता नोडल अधिकारी मनोज उपाध्याय,आकाश त्यागी, एमआईएस एक्सपर्ट आशीष शर्मा, अवदेश यादव, मुकुंद शर्मा, सूर्यवीर सिंह, गिर्राज गुप्ता, अजय प्रताप, फीडबैक फाउंडेशन टीम से भरत कांत राहुल जयपाल अभिषेक अन्य नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

# रीवा जिले में अब तक 248.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा)**
**रीवा।** जिले में पिछले 12 दिनों से बहुत कम वर्षा हुई है तेज धूप तथा पर्याप्त वर्षा न होने के कारण खरीफ फसल की बोनी विशेषकर धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। आज जिले के लगभग सभी तहसीलों में अच्छी वर्षा हुई है। जिले में 29 जुलाई को 30.5 मिमी मीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी है। सार्वधिक 100 मिमी वर्षा मनगवां तहसील में दर्ज की गयी है। इसके साथ-साथ तहसील हुजूर में 42.6 मिमी, रायपुर कर्चुलियान में 65 मिमी तथा गुड़ में 77 मिमी वर्षा दर्ज की गयी है। अच्छी वर्षा से किसानों की उम्मीदें जाग उठी हैं अब एक ओर सुखती फसलों को नया जीवन मिला है वहीं दूसरी ओर अच्छी वर्षा से किसान तेजी से धान की रोपाई कर सकेंगे। जिले में एक जून से अब तक कुल 248.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 344 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 205.5 मिलीमीटर, गुड़ में 392 मिलीमीटर, सिरमौर में 246.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 87 मिलीमीटर, मऊगंज में 268.4 मिलीमीटर, हनुमना में 185.6 मिलीमीटर, सेमरिया में 150 मिलीमीटर, मनगवां में 366 मिलीमीटर, जवा में 198.2 मिलीमीटर तथा नईगड़ी तहसील में 295 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 252.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

# महेश्वरी समाज के द्वारा जिला अस्पताल में 10 बैंच का किया दान

**मुरैना।** जिला अस्पताल परिसर में मरीजों के बैठने के लिए अस्पताल प्रशासन के द्वारा सुविधा मुहैया कराई गई है, लेकिन मरीजों और उनके परिजनों की संख्या अधिक होने के कारण समाजसेवी डॉ अवनीश महेश्वरी ने अपने समाज के सहयोग से जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन गजेंद्र सिंह तोमर और आरएमओ सुरेंद्र सिंह गुर्जर को नई बिल्डिंग परिसर में मरीजों की सुविधा के लिए 10 बेंच उपलब्ध कराई गई है जिससे कि मरीजों को बैठने उठने में परेशानी ना हो। इसके साथ ही महेश्वरी समाज के लोगों ने वृक्षारोपण भी किया एवं सर्व समाज के लोगों से पुण्य कार्य में आगे बढ-चढड़र हिस्सा लेने की अपील की गयी। इस मौके पर अवनीश महेश्वरी, रविंद्र महेश्वरी, संजय महेश्वरी, सुभाष राठी, डॉ विवेक राठी, नीलम महेश्वरी, आरती कोठारी, डॉ ऋतु राठी, श्वेता महेश्वरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डेड हॉउस चौराहे पर दो बाइको की भिडंत में आशा कार्यकर्ता सहित दो घायल

**मुरैना।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के पीएम हाउस चौराहे पर दो बाइकों की भिड़ंत में आशा कार्यकर्ता सहित दो लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार सरायछोला थाना क्षेत्र के गौसपुर पंचायत के छत्ते का पुरा गाँव निवासी रामलखन माहौर अपनी 35 वर्षीय पत्नी सुनीता जो आशा कार्यकर्ता है, रविवार को सुनीता अपने शासकीय कार्य के चलते पति रामलखन के साथ बाइक से मुरैना आई हुई थी। जब रामलखन की बाइक शहर की जेल रोड स्थित डेड हॉउस चौराहे से गुजर रही थी, तभी विपरीत दिशा से चले आ रहे एक बाइक सवार ने रामलखन की बाइक से टक्कर मार दी, जिससे रामलखन की बाइक सडड़ पर गिर पड़ी और दोनों पति पत्नी घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डियूटी पर उपस्थित डॉक्टर व नर्सिंग स्टॉफ ने इलाज किया।

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478